मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 27 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-10 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 50 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ 29 अक्टूबर से शुरु होगा दीपोत्सव, इस वर्ष पांच नहीं छह दिनों का होगा दीपोत्सव

एक्ट्रेस कंगना ने सोशल मीडिया पर साझा की राजस्थान दौरे की यादे ◂◂ 6

जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर सहमति संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा प्रस्ताव

नई दिल्ली : केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। संभवतः नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा और इसपर चर्चा होगी।

बता दें राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कुछ दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड देते हुए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। जिसके बाद उमर को दोनों नेताओ ने इसी साल जम्मू-कश्मीर के राज्य बहाली का आश्वासन मिला था।

ज्ञात हो कि बीतें हुए साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35अ हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हाल ही में हुए राज्य के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने इसे दोहराया था।

विधानसभा चुनाव के बाद नवगठित उमर अब्दुल्ला सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल को भेजा गया था। हाल ही में हुए विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की घोषणा भी की थी, हालांकि चुनाव होने के बाद बहुमत उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस को मिला है।

धुर्वा डैम से युवती का शव बरामद हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज

रांची : राजधानी रांची के धुर्वा डैम में शव मिलने से हड़कंप मच गया है। आज 27 अक्टूबर की सुबह स्थानीय लोगों ने डैम में बहता हुआ शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान एक युवती के रूप में हुई है। मृतका के पॉकेट से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिससे उके पहचान की पुष्टि हुई है। आधार कार्ड में रिश्मा परवीन का नाम अंकित है।

पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या और आत्महत्या के बिंदुओं पर जांच की जा रही है। अभी तक शव के संबंध में कोई अन्य जानकारी सामने नहीं आई है। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस ने त्वरित कदम उठाया है।

बीएससी की छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

रांचीः राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी मोहल्ले (नामकुम स्टेशन के सामने) में रहने वाली बीएससी की छात्रा कामिनी सिंह उम्र 21 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कामिनी मूल रूप से पलामू के रहने वाले अमरेन्द्र नाथ सिंह की बेटी थी। वह अनगड़ा स्थित ऊषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी एवं पंजाबी मोहल्ले में सरोज तिवारी के मकान में किराए पर रहती थी। शनिवार की शाम उसने कमरे में फांसी लगा ली। वहां रह रहे लोगों को जानकारी मिलने पर नामकुम पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रिम्स पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई। देर रात परिजन नामकुम थाना पहुंचे। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

तेजस्वी यादव का बड़ा दांव

शहाबुद्दीन की पत्नी व बेटा राजद में शामिल, ओसामा लड़ेंगे आगामी चुनाव

पटना : पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की पार्टी में आज पूर्व सांसद दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब शामिल हो गए। राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव ने दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और बेटे ओसामा को खुद राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाई। इस दौरान तेजस्वी यादव ने ओसामा को लालू के जीवन पर आधारित किताब और पार्टी का गमछा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी समेत कई वरीय नेता मौजूद रहे। तेजस्वी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि ओसामा और उनके परिवार से राजद का काफी पुराना रिश्ता रहा है। वह राजद में शामिल हो चुके हैं। आगामी चुनाव में वह राजद की ओर से मैदान में उतरेंगे। आज हम सभी लोग एकजुट हुए हैं। और हम सब मिलकर पार्टी को एकजुट होकर

मजबूत करने का काम करेंगे। सांप्रदायिक शक्तियों को भगाने का काम करेंगे।

राजद और ओसामा शहाब के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी : रविवार सुबह से ही राबड़ी आवास के बाहर राजद और ओसामा शहाब के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सदस्यता ग्रहण करने से पहले ओसामा और उनकी मां हिना शहाब राजद राबड़ी आवास पहुंची। अगली काले रंग की गाड़ी में ओसामा थे। पीछे की गाड़ी में हिना शहाब बैठी थीं। परमात्मा राम पहले से मौजूद थे। उनके यहां पहुंचने के साथ ही कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। फिलहाल अंदर में मुलाकात हो रही है। समर्थक गेट के बाहर अपने नेता को देखकर काफी उत्साहित नजर आ रहे। इससे पहले शनिवार देर रात को ओसामा राबड़ी आवास पहुंचे थे। यहां राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। लालू का पैर छूकर ओसामा ने आशीष लिया। इसके बाद करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इधर, गोरिया कोठी की पूर्व प्रत्याशी नूतन वर्मा, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष परमात्मा राम और हीना शहाब राजद में शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव में नहीं मिला था हीना शहाब को राजद का टिकटः एक वक्त था जब शहाबुद्दीन का कद राजद में काफी बड़ा था। वह लालू के सबसे करीबी नेताओं में गिने जाते थे। शहाबुद्दीन के निधन के बाद उनके परिवार का राजद से संबंध ठीक नहीं चल रहा था। लोकसभा चुनाव में हिना शहाब ने राजद से टिकट नहीं मिलने के बाद सीवान से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब एक साल बाद चुनाव है। चर्चा है कि ओसामा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्तम आजामाना चाहते हैं।

'दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार यात्री बस की ट्रक से भीषण टक्कर, 24 की मौत

मेक्सिको सिटीः मध्य मैक्सिकन राज्य जाकाटेकास में एक यात्री बस के एक ट्रक से टकराने से 24 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज के हवाले से बताया कि दुर्घटना शनिवार सुबह तब हुई, जब मकई ले जा रहा ट्रक एक यात्री बस टकरा गया। जाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने एक बयान में कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के सियुदाद जुआरेज जा रही थी। उन्होंने यात्रियों को राजमार्ग से बचने की सलाह दी, जो दुर्घटना के बाद बंद है। रेयेस ने कहा कि घायलों का मैक्सिकन सामाजिक सुरक्षा संस्थान में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, हम इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जाकाटेकास के गवर्नर डेविड मोनरियल ने राज्य पीड़ित सहायता आयोग को सभी प्रभावित यात्रियों की सहायता करने का आदेश दिया है। मेक्सिको में यातायात दुर्घटनाएं मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं। मेक्सिको के राष्ट्रीय सांख्यिकी और भूगोल संस्थान के अनुसार, 2023 में शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में 381,000 से अधिक दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें 4,800 से अधिक मौतें और 90,500 से अधिक घायल हुए।

दीपावली पर घर जाने की होड़

मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, नौ घायल, कई गंभीर, विपक्ष ने उठाए सवाल

मुंबईः मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनस नौ के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर भगदड़ की खबर है। स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से भगदड़ हुई। इस भगदड़ में कई लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, त्योहारों पर घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी। जैसे ही बांद्रा रेलवे स्टेशन पर बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई तो उसमें चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इससे भगदड़ मची।

कैसे हुआ हादसाः दिवाली और छठ के त्योहारों के मद्देनजर अपने पैतृक स्थानों पर जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस पहुंचे थे, जहां अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाए जाने के दौरान कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह 5.56 बजे की है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए एकत्र हुए थे। दिवाली और छठ के त्योहारों के कारण मुंबई से उत्तर की ओर जाने वाली ट्रेनें खचाखच भरी चल रही हैं।

घायलों में दो की हालत गंभीरः रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में कुछ लोग दो कोचों के बीच में आ गए और प्लेटफॉर्म पर गिर गए। रिपोर्ट्स ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि लोग कोचों से टकराने या दो कोचों के बीच की जगह में गिरने से घायल हुए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत भाभा अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद अंत्योदय एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस से लगभग निर्धारित समय पर ही रवाना हुई।

संजय राउत ने रेल मंत्री पर उठाए सवालः शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ और उसमें लोगों के घायल होने पर केंद्र सरकार और रेल मंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हुआ है और फिर से रेल मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है, इस देश में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हो चुके हैं। जिनमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा-

आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भी

■ सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को किया याद ■ रुको, सोचो और एक्शन लो, प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट से बचने का दिया मंत्र

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता । इसके अलावा उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में एनिमेशन के क्षेत्र में भारत के विकास पर भी चर्चा की।

उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून बन गया है। बहुत साल नहीं हुए, सिर्फ 10 साल पहले की बात है, तब अगर कोई कहता था कि भारत में कोई जटिल तकनीक विकसित की जा रही है तो कई लोगों को विश्वास नहीं होता था, तो कई उपहास उड़ते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं। आत्मनिर्भर हो रहा भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े



इमेजिंग टेलीस्कोप एमएसीई का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है, हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है। हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छोटा भीम की तरह ही हमारी दूसरी एनिमेटेड सीरीज कृष्णा, मोटू-पतलू, बाल हनुमान के भी पूरी दुनिया में प्रशंसक हैं। भारत के एनिमेशन किरदार और फिल्में अपने कंटेंट और क्रिएटिविटी की वजह से पूरी दुनिया में पसंद की जा रही हैं। भारत एनिमेशन के क्षेत्र में दुनिया में क्रांति लाने की राह पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल गिरफ्तारी के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं करती है।

न्यूज ब्रीफ

वाहन जांच के दौरान एक लाख नब्बे हजार हजार बरामद

सिल्ली : मिली जानकारी के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुरुलिया बॉर्डर पर जांच के दौरान एक वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर- डब्ल्यूबी55बी 1735 के मालिक संतोष साव जो झालदा के रहने वाले हैं । उनके पास से 1,90,000 रुपया(एक लाख नब्बे हजार रूपया) बरामद किया गया । पैसे के बारे में वाहन मालिक से पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया और न ही किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा बरामद पैसा जब्त किया गया ।

झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में पीटीएम

खलारी : झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में शनिवार को शिक्षक एवं अभिभावकों का त्रैमासिक बैठक की गई। जिसमें पढ़ाई ,अनुशासन ,खेल- कूद तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास से सम्बंधित बाते अभिभावक तथा शिक्षकगण और स्कूल प्रबंधन के द्वारा आने वाले बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मंत्रणा की गई जिसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक चौहान के द्वारा संबोधित किया गया साथ ही सभी शिक्षक गण इस कार्यक्रम में मौजूद रहे इस बैठक में ,पूरन महतो, दिनेश महतो, बालेश्वर गंझू ,अनीता देवी, आकाश मुंडा, कंचन देवी, कृष्णा महतो, संजय नोनिया,फूलदेव,गंझू सुषमा कुमारी चौहान, इशिका कुमारी,रिया देवी,राजेंद्र कुमार भुइयाँ,पूजा देवी,इशिका कुमारी,आकाश मुंडा,मनोज यादव,कृष्णा लोहार,अजय लोहार,करीनाथ महतो,गुड़िया देवी,प्रतिमा देवी,संजय नोनिया,महेश्वर गंजू,अशोक महतो,बालेश्वर महतो,लडूरा मुंडा,दिनेश महतो,सुमन कुमारी चौहान,दिव्या कुमारी,अशोक कुमार, आदि अभिभावक गण मौजूद थे।

जेसोवा मेला: रिमझिम बारिश में शास्त्रीय संगीत से सजी शाम

रांची: जेसोवा (झारखंड आईएएस ऑफि सर्स वाइव्स एसोसिएशन) के तत्वाधान में मोरहाबादी में आयोजित दिवाली मेला 2024 में शनिवार की सांस्कृतिक शाम संगीत के सात सुरों से सजी हुई थी। बनारस घराने की सुनंदा शर्मा का शास्त्रीय संगीत और गायन एक अनूठी अनुभूति प्रदान कर रहा था। भगवान राम का सुमिरन करते हुए सुनंदा शर्मा ने ईश्वर की वंदना करते हुए कार्यक्रम की शुरूवात की। उसके बाद ई सुन्दर साड़ी मोरी।। मायके मईल भई।। और हमरी अटरिया पे आओ सांवरियाङ्कसंगीत से ऐसा लग रहा था, जैसे बनारस की संस्कृति मोरहाबादी में उतर आई हो। 23 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। श्रृंगार से लेकर परिधान तक, सबकुछ आकर्षक:पांच दिवसीय जेसोवा दिवाली मेला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में खराब मौसम को चुनौती देते हुए भी लोग पहुंचे और जमकर खरीदारी की। ट्रेडिशनल ज्वैलरी, स्टाइलिश फैशन के साथ साथ होम डेकोर के प्रोडक्ट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मेला घूमने आए लोगों ने बताया कि दिवाली जैसा पवित्र पर्व आने वाला है और घर को सजाने संवारने का काम करना है। उनका कहना है कि वह मेले से वॉल हैंगिंग से जुड़े सजावट के समान, बेडशीट खरीद रहे हैं । कश्मीर, मैसूर सहित देश विदेश के प्रोडक्ट के प्रति लोगों का रुझान देखा गया साथ ही हैंडलूम प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों के प्रति विशेष उत्सुकता दिखाई दी। इस मौके पर जेसोवा की अध्यक्ष किमी खियांगते, सचिव गायत्री सिंह, निक्की टोप्पो, अमिता, सरिता पांडे, जैसीना सिद्धकी, जगदा, दीप्ती जयराज, कोषाध्यक्ष यामिनी कुमारी, फातिमा जबीन, सहित जेसोवा की सदस्य उपस्थित थीं।

बालू के अवैध परिवहन मामले में हाइवा व ट्रक जब्त

रामगढ़: चितरपुर अंचल अंतर्गत बालू व खनिज के अवैध परिवहन खनन के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हाइवा वाहन संख्या जे एच 01डी बी- 3201 पर लगभग 1155 घन फीट बालू लदा पाया गया। जांच के क्रम में वाहन में एमएस आदित इंटरप्राइजेज अंकित चालान में 400 सीएफटी एवं 500 सीएफटी था। वहीं दोनों वाहनों के जांच में लगभग 800 सीएफटी एवं 1000 सीएफटी पाया गया। जिसके बाद रजरप्पा थाना में हाइवा एवं ट्रक वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति सहित खान एवं खनिज अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

इरफान अंसारी के विवादित बोल पर बवाल

चुनाव आयोग के पास पहुंची बीजेपी कांग्रेस एमएलए के खिलाफ केस दर्ज

मेट्रो रेज

रांची: राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रत्याशियों की तरफ से कई बार अपने विरोधियों के खिलाफ विवादित बयान भी दिए जाते हैं। ऐसा ही एक बयान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी की तरफ से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ दिया गया है। जिसे लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी तेज हो गई हैं।

इरफान अंसारी का विवादित बयानः पत्रकारों से बातचीत के दौरान जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने अपने प्रतिद्वंदी और भाजपा नेता सीता सोरेन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अपने बयान में कांग्रेस विधायक ने सीता सोरेन को रिजेक्टेड और उधार का खिलाड़ी कहा था।

सीता सोरेन ने की वीडियो पोस्ट कर माफी की मांग : कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान के वीडियो को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए भाजपा नेता सीता सोरेन ने कहा कि अपने अमर्यादित भाषा के लिए इरफान अंसारी को माफी मांगे। सीता सोरेन ने आगे लिखा- कांग्रेस नेता ने मेरे लिए जो अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने

सारी सीमाएं लांघ दी हैं। इरफान जी माफी मांगिए, वरना उग्र विरोध के लिए तैयार रहिए।

कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने नामांकन के तुरंत बाद मीडिया के सामने मेरे लिए जो अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं।

सीता सोरेन ने क्या कहा?: वहीं अपने चुनावी अभियान और इरफान अंसारी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सीता सोरेन ने कहा, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोग (झारखंड के मंत्री और कांग्रेस) इरफान अंसारी से तंग आ चुके हैं और उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं। उन्होंने मेरा अपमान भी किया है और मेरे बारे में आपत्तिजनक बातें भी कही हैं।

भाजपा ने की राज्य चुनाव आयोग से शिकायत: झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी पर सीता सोरेन के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा की राज्य इकाई की चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराए जाने पर भाजपा नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा, पार्टी ने इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किया है। अब, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

मामले में राज्य चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया: झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर झारखंड की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नेहा अरोड़ा का कहना है, आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। जामताड़ा जिले में आचार संहिता के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। इस संबंध में सभी राजनीतिक दलों को सख्त सलाह भी जारी की गई है।

कैबिनेट से निष्कासित किए जाए इरफान अंसारी: शिवराज सिंह चौहान : वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता और झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी की भाजपा नेता सीता सोरेन के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए आलोचना की और इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के बयान न केवल सीता सोरेन बल्कि झारखंड की महिलाओं का भी अपमान करते हैं। उन्होंने आगे मांग की कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अंसारी को मंत्रिमंडल से निष्कासित करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुख की बात है कि हेमंत सोरेन की सरकार के एक मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया है। क्या उन्हें शर्म नहीं आती? वह एक बहुत ही सम्मानित नेता हैं।

एसटी आयोग ने सरकार से मांगी रिपोर्ट: राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने शनिवार को कांग्रेस कोटे से झारखंड में मंत्री इरफान अंसारी की भाजपा नेता सीता सोरेन के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी का संज्ञान लिया और झारखंड सरकार को नोटिस जारी कर आरोपों और की गई कार्रवाई पर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी। यह नोटिस मुख्य सचिव, डीजीपी, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, जामताड़ा के डिप्टी कमिश्नर और एसपी को दिया गया। एनसीएसटी ने अपने नोटिस में कहा कि अगर उसे निर्धारित अवधि के भीतर जवाब नहीं मिलता है तो वह अधिकारियों को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए समन जारी कर सकता है।

चुनाव आयोग के दर पर भाजपा और कांग्रेस: शुक्रवार को भाजपा की राज्य इकाई ने अंसारी पर पार्टी नेता सीता सोरेन के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। सीता सोरेन ने कांग्रेस मंत्री से माफी मांगने की मांग करते हुए एक्स पर कथित टिप्पणी का एक वीडियो साझा किया। जवाब में अंसारी ने वीडियो को छेड़छाड़ वाला बताया है। शनिवार को झारखंड कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपकर अंसारी की छवि खराब करने के आरोप में भाजपा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव अधिकारी के। रवि कुमार को अंसारी का मूल वीडियो को एक पेन ड्राइव में सौंपा है।

जामताड़ा में इरफान अंसारी और सीता सोरेन में मुकाबला: जामताड़ा विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर इरफान अंसारी पर भरोसा जताया है। जामताड़ा विधानसभा सीट से इरफान अंसारी लगातार दो जीत चुके हैं। वहीं उनके खिलाफ भाजपा के टिकट पर सीता सोरेन चुनाव लड़ रहीं हैं, बता दें कि लगातार 3 बार जामा से विधानसभा चुनाव जीतने वाली सीता सोरेन इस बार जामताड़ा से लड़ रहीं हैं।

अपनी जिम्मेदारी को मैं बखूबी निभाऊंगा : डॉ रविंद्र राय

रांची: प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा में 1984 से हम सब साथ काम कर रहे हैं। राजनीतिक सूझबूझ कार्यकर्ता के नाते क्या भाव होना चाहिए, यह सब हमलोगों के संस्कार में आया है। अनेक अवसर पर चुनाव लड़ने का, चुनाव लड़ाने का, पार्टी का नेतृत्व करने का प्रदेश स्तर पर भी अनुभव थोड़ा बहुत मुझे रहा है। कार्यकताओं का सहयोग लेकर झारखंड को फिर से राजनीतिक संक्रमण काल से मुक्त कराने के लिए पार्टी ने जो हमारे ऊपर विश्वास किया, इसके

लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रति आभार व्यक्त करता हूं। चुनाव के मौके पर दी गई है खास जिम्मेवारीः चुनाव के मौके पर मुझे एक खास जिम्मेदारी दी है। चुनाव में किसी प्रकार का कार्यकर्ता और संचालन के बीच गैप ना हो, उसे हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यह मानता हूं कि अटल, आडवाणी के सपनों का झारखंड बनना चाहिए। भाजपा की कोख से झारखंड का जन्म हुआ है। हम इसे बर्बाद होते नहीं देख सकते। झारखंड आने वाले समय में कैसे बेहतर करें, इस दिशा में मैं काम करूंगा। भारतीय जनता पार्टी जब तक है, झारखंड को सुरक्षित रखने का काम हम करेंगे।

तिसरी में होटल कर्मी की संदेहास्पद स्थिति में मौत, जांच में जुटी पुलिस

गिरिडीह: जिले के तिसरी थाना के समीप सूर्यवंशी होटल के कर्मी सुरेश ठठेरा (65 वर्ष) का शव शनिवार की सुबह मरामदे में चौकी पर संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। बताया गया कि सुरेश ठठेरा करीब एक सप्ताह से सूर्यवंशी फास्ट फूड होटल में पानी भरने का काम कर रहा था। वह ड्यूटी के बाद रात में सोने के लिए अपने घर चला जाता था। होटल मालिक ने बताया कि

शुक्रवार को मौसम खराब रहने के कारण शाम करीब 7 बजे होटल बंद कर दिया गया। इसके बाद सुरेश अपने घर चला गया था। शनिवार की सुबह होटल के बरामदे में चौकी पर उसका शव मिला। सुरेश कब वापस आया और कैसे इसकी मौत हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन ने सेवा सदन का किया दौरा

रांची : नागरमल मोदी सेवा सदन में कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व चेयरमेन प्रमोद अग्रवाल ने शनिवार को दौरा किया। उन्होंने सेवा सदन के नवस्थापित हृदय विभाग का जायजा लिया, मालूम हो कि कोल इंडिया के सीएसआर फंड से हृदय विभाग के लिये सहयोग प्राप्त हुआ है। सेवा सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुए कोल इंडिया से सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सदन परिवार की ओर से कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने वीडियो के माध्यम से सदन व हृदय विभाग की प्रगति को दशार्या। डॉ विनय कुमार सिंह ने भी वीडियो के माध्यम से हृदय विभाग की बारीकियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

मौके पर ये रहे मौजूद: सेवा सदन के पूर्व अध्यक्ष अजय मारू ने कहा कि सदन द्वारा किए गए अच्छे कार्यों में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। जिस तरह कोल इंडिया लि। द्वारा अनुदान प्राप्त हुआ, उसी तरह समाज ने भी बढ़चढ़ कर दान दिया। सदन में बहुत ही जल्द 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जायेगी। कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन ने नागरमल मोदी सेवा सदन की उपलब्धियों की सराहना की और उद्देश्य पूर्ति के लिए शुभकामनाएं दी। बताया कि सीएसआर एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा समाज एवं स्थानीय लोगों के लिए सदन के माध्यम से अच्छी सुविधाएं प्रदान की जा सकती है और भविष्य में भी किसी भी तरह की सहायता करने की कोशिश करेंगे। मानद सचिव आशीष मोदी ने धन्यवाद स्व। नागरमल मोदीजी का एक पोस्टल स्टाम्प भेंट स्वरूप श्री अग्रवाल को दिया। सहसचिव वेद प्रकाश बांग्ला ने संचालन किया। मौके पर पूर्व सांसद महेश पोददार, गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, उपाध्यक्षा रेखा जैन, अरूण खेमका, ललित केडिया, आलोक तुलस्यान, पवन शामिल थे।

18वीं झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

मेट्रो रेज

कसमार: प्रखंड के पोंडा पंचायत के कमलापुर स्थित त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को 18वीं झारखंड राज्य जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया। उद्घाटन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के निदेशक सुरेश कुमार एवं कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने नारियल फोड़कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में चतरा एवं साहेबगंज एवं बालक वर्ग में चतरा एवं

लोहरदगा की खिलाड़ियों के बीच शुरू हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 20 जिले के 40 टीमों की 862 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने कहा कि कबड्डी का खेल हो या अन्य कोई भी खेल, हर खेल में कैरियर की असीम संभावनाएं छिपी होती है। यही कारण है कि अब सिर्फ शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभा निकलकर सामने आ रही है। उन्होंने इस तरह के आयोजन में हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। उन्होंने कसमार प्रखंड के कमलापुर में राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि इससे इस क्षेत्र में भी स्कूली बच्चों में कबड्डी खेल के प्रति जागरूकता व रुचि बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभा का विकास के साथ साथ खेल के प्रति स्कूली बच्चों व लोगों की रुचि बढ़ती है। इस दौरान प्रतियोगिता में बालक वर्ग में जामताड़ा जिले की टीम ने 28 अंक व हजारीबाग जिले की टीम ने 27 अंक हासिल किया। वहीं कोडरमा की टीम 49 व खूंटी की टीम ने 25 अंक हासिल किया। इसके अलावा बालिका वर्ग में गिरिडीह की टीम ने 17 व जामताड़ा की टीम ने 29 एवं हजारीबाग की टीम ने 31 अंक व देवघर की टीम ने 18 अंक हासिल किया। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या प्रीति कुमारी,

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव बिपिन कुमार सिंह, जगदीश कुमार, आलोक कुमार, राजेश्वर सिंह, प्रद्युम्न पांडेय, चंद्रशेखर, सोनू, हैदर हुसैन, विक्की कुमार, सुविज्ञा, प्रीति, सामंता, रेशम तारा, अजय कुमार गुप्ता, प्रणय, परमेश्वर महतो व अन्य खेलप्रेमी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ

सेल रांची इकाइयों ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ

रांची: सेल रांची इकाइयों ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ कियो सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के हिस्से के रूप में, सेल की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग ने ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुब्बारे छोड़ने के साथ हुई जो एस के वर्मा, ईडी (सीईटी); वेद प्रकाश, ईडी(एसटीडीटी) एवं एस वशिष्ठ, मुख्य महाप्रबंधक (एसएसओ) के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एवं नेतृत्व विशाल सिन्हा, महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ के देख रेख में हुआ। सेल रांची ईकाइयों के कर्मियों ने कार्यस्थल में पारदर्शिता और सतर्कता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया।

विस चुनाव को लेकर एसएसपी ने की अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ बैठक

रांची: विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ आज रविवार को एसएसपी कार्यालय में बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और सुरक्षित समापन के लिए चर्चा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बता दें कि विधानसभ चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है।

पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी: झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

इरफान अंसारी ने किया कांग्रेस के महिला विरोधी सोच को उजागर: अन्नपूर्णा

रांची: कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा है कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की है। महिलाओं के लिए कांग्रेस की क्या सोच है, कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बयान से स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस महिला और युवा विरोधी पार्टी है। कांग्रेस के मन में महिलाओं के लिए ओछी मानसिकता हमेशा से रही है। जिसको आज कांग्रेस के इरफान अंसारी ने सीता सोरेन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर स्पष्ट कर दिया है।

कांग्रेस ने एक आदिवासी महिला का किया अपमान: केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि मैं इरफान अंसारी के टिप्पणी का विरोध करती हूं। झारखंड में कांग्रेस ने एक आदिवासी महिला सीता सोरेन का अपमान किया है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं की पूजा की जाती है, उनका सम्मान किया जाता है। लेकिन महिलाओं के प्रति कांग्रेस गलत और ओछी मानसिकता का परिचय इरफान अंसारी के बयान से साफ हो गया है। अगर कांग्रेस महिलाओं की इतना ही चिंता करती है तो कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इरफान अंसारी के टिकट को वापस ले लेनी चाहिए। सांसद अन्नपूर्णा ने प्रियंका गांधी से भी इरफान अंसारी के बयान का जवाब मांगा।

कांग्रेस भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देने को तैयार : सतीश पॉल मुंजनी

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार को देखते हुए पूरी तरह से घबराकर राज्य में अस्थिरता, वैमनस्य और हिंसा फैलाने का रुख अख्तियार कर रही है। कांग्रेस भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह राज्य और राज्य के लोगों के लिए कहीं से भी उचित नहीं है। श्री मुंजनी ने कहा कि शनिवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन और सबूत के रूप में एक पेनड्राइव सौंप कर स्थिति साफ कर दी है, जिसमें सीता सोरेन के नाम का कहीं भी जिक्र नहीं है। जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर इरफान अंसारी की जीत पक्की है। डॉक्टर अंसारी भाजपा के हर भ्रष्टाचार को समय-समय पर उजागर करते रहे हैं इसीलिए वह भाजपा के टारगेट पर हैं। श्री मुंजनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होकर पुनः सरकार गठन करने वाली है। अपनी संभावित हार को देखते हुए विचलित होकर भाजपा राज्य और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को भंग करने पर उतारू है। झारखंड के मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बना कर भाजपा को रसातल में भेजने का मन बना लिया है।

एकता कमेटी ने 33वर्ष पूरे होने पर जरूरतमंदो के बीच बांटा कंबल

रांची: सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची, झारखंड के समाज सेवा के 33 वर्ष पूरे हो गए। इस शुभ अवसर पर कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने जरूरतमंदों को अपने निवास स्थान पर बुलाया और सभी को सोफा पर बिठाया। पहले मिठाई भी खिलाई इसके बाद सभी को कंबल दिया गया। इस शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि 1992 जब बाबरी मस्जिद व राम जन्मभूमि का दंगा हुआ था। उस समय भारतीय एकता कमेटी को हम सभी धर्म समुदाय ने मिलजुल कर भारतीय एकता कमेटी को बनाया और उस समय से लेकर आज तक जरूरतमंद गरीब बीमार के लिए गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा देने का शुभ कार्य किया जाता रहा है और किया जाता रहेगा। गुलाम मुस्तफा ने आगे कहा कि सरकार का कोई भी अनुदान ग्रांट नहीं मिलता है जिससे भारतीय एकता कमेटी को समाज सेवा करने में बहुत ही ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है। याद रखिएगा जहां भी रहिए जिस जगह भी रहिए इंसानियत मानवता के लिए सेवा का काम करते रहिए। पैसा तो सभी के पास है दिल बड़ा होना चाहिए । आप बांटना शुरू तो कीजिए धन दौलत अपने आप आने लगेगा। आज के कार्यक्रम में मोहम्मद सफीक मोहम्मद सितारे भाई मोहम्मद यूनुस मोहम्मद इरफान बाबू भाई और कई लोग उपस्थित थे

विधानसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने किया बड़ा ऐलान,कहा-

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायी जायेगी

15 नवंबर से होगी धरती आबा के 150वीं जयंती वर्ष की शुरूआत

मेट्रो रेज



रांची: पीएम मोदी ने आज रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 115 वें एपिसोड के जरिये देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने अपने संबोधन में विशेष रूप से झारखंड का जिक्र किया। 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने हर युग में कुछ चुनौतियों का सामना किया है। आज मन की बात में मैं दो ऐसे महानायकों की चर्चा करूंगा जिनमें साहस और दूरदर्शिता थी। देश ने उनकी 150वीं जयंती मनाने का फैसला किया है। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष की शुरूआत होगी। इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष की शुरूआत होगी। इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, 'देश की एकता'।

उलिहातू जाने वाले पहले पीएम: पीएम ने अपने जीवन के खास पलों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलीहातू गया था। पीएम मोदी ने 15 नवंबर 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे पीएम बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला।

होटल अर्श में खेला जा रहा था जुआ, पुलिस ने मारा छापा, बिल्डर सहित दो गिरफ्तार, रूपये बरामद

रांची: राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक के पास स्थित होटल अर्श में जुआ का खेल चल रहा था। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने शनिवार की देर रात होटल में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक बिल्डर रमेश शर्मा और जुआ खेलाने वाला मनोज पंडित को गिरफ्तार किया। साथ ही मौके से ताश के पत्ते शराब और 1।70 लाख रुपया भी बरामद किया है। टिश्यू पेपर से सीसीटीवी कैमरा को कर दिया गया था कवर: जुआ खेलने वाले लोगों ने होटल अर्श में तमाशा बार के ऊपर तीसरे फ्लोर पर कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे को टिश्यू पेपर से ढक दिया था। इसके बाद जुआ का खेल का संचालन हो रहा था, इसी दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय दलबल के साथ मौके पर छापेमारी के लिए पहुंच गए, हालांकि पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए ,जबकि दो लोग को पुलिस में गिरफ्तार किया है।

डाना तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

सब्जियों की कीमतों में भी इजाफा, पानी की वजह से खड़ी धान की फसल हो रही बर्बाद

रांची: राजधानी रांची के आसपास के क्षेत्रों में डाना चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। खेतों में तैयार धान की फसल तेज हवा के कारण गिर गयी है। इतना ही नहीं रूक-रूक कर बारिश हुई इससे तैयार धान की फसल खेतों में सो गयी है। इस वजह से फसलों को भी नुकसान पहुंचा। किसानों का कहना है कि बलियों में लगे दानें खराब हो जाएंगे। वहीं खेतों में लगे मटर, टमाटर, अदरख समेत सब्जियों को भी प्रभावित किया है। खेतों में जलजमाव के कारण खेतों में लगे मटर, टमाटर, अदरख समेत सब्जियों सड़ने की भी आशंका जतायी जा रही है। पिस्कानगड़ी के नारों पंचायत निवासी किसान मंगल महतो ने बताया कि दो दिनों से हो रही बरसात से खेतों में लगे पौधे खराब हो रहे हैं। छठ पर निकलने वाले मटर और हल्दी, अदरख आदि नयी सब्जी की खेती पर चक्रवात का असर पड़ा है।

किसानों का कहना है कि आलू और टमाटर की फसल लगभग बर्बाद हो गयी है। बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। रातू के पाली, बिजुलिया, चिपरा, गुड्डू, बाजपुर, टीकराटोली आदि गांवों में लगी मटर और आलू की फसल पर चक्रवात का असर पड़ा है। किसानों ने मटर के सड़ने की आशंका जतायी है। कहा कि बारिश से मिट्टी कड़ा होगा और मटर की खेती करने में दिक्कतें आयेगी।

श्री राम भरत मिलाप समिति का 53वां वार्षिकोत्सव संपन्न

रांची: श्री राम भरत मिलाप समिति का 53वां वार्षिकोत्सव शिशु सदन स्कूल, डोरण्डा में समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा की अध्यक्षता में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समिति के संरक्षक सरदार अशोक सिंह, पुरुषोत्तम दास, जय नारायण विजय, बीके विजय, महामंत्री अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष कुमुद पांडे, प्रिंस पांडे, महेश विजय, प्रिया सिन्हा, देवराज बर्मन, प्रकाश बर्मन, पियूष विजय वर्गीय, महेश सोनी, अनिल केशरी, विवेक आर्या, संतोषी गुप्ता, डॉली जायसवाल, आर रवि, ऋषि शारदा, जितेंद्र आर्या ने सक्रियता से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसका प्रारंभ दीप प्रज्वलन के पश्चात गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात अलग- अलग डांस इंस्टिट्यूट से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर साल की भांति इस वर्ष भी नित्यांजलि नृत्य एकेडमी द्वारा श्री राम भरत मिलाप और श्री राम के राज्याभिषेक का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्री राम भरत मिलाप के मंचन का उद्देश्य आज के बच्चों को भाई- भाई के पवित्र संबंध के बारे में जागरूक करना है। साथ ही, समिति द्वारा विभिन्न खेलों में राज्यीय और राष्ट्रीय स्तर पर उपलिब्ध प्राप्त करने वाले बच्चों को और अन्य जनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के हटिया विधानसभा प्रत्याशी नवीन जायसवाल कांग्रेस के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव पटना बिहार के विधायक संजय चौरसिया पूर्व डीई राजीव रंजन उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक दिनेशजी दिलीप सोनी ,बादल सिंह,नेहा सोनी,संतोष साहू,पायल सोनी, सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं गण्यमान ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पारस हॉस्पिटल में हुआ ब्लड कैंसर के मरीज का सफल इलाज

रांची: पारस हॉस्पिटल धुर्वा में 35 वर्षीय ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल इलाज किया गया। पारस हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश सिंह की देखरेख में मरीज का स्वास्थ्य अभी ठीक है। बंगाल के रहने वाले मरीज की छाती में बहुत बड़ा ट्यूमर था और वह गर्दन तक फैल रहा था। ट्यूर इतना बड़ा था कि उस मरीज को सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। वो मरीज जब पारस हॉस्पिल आया था, तो वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर आया था। इस बीमारी के कारण दोनों फेफड़े में पानी भर गया था। हार्ट के चारों तरफ भी पानी भरा हुआ था। पानी भरने और बड़ा ट्यूमर होने की वजह से मरीज ढंग से सांस नहीं ले पा रहा था। मरीज को दर्द भी अधिक हो रहा था। इसके बाद पारस हॉस्पिटल धुर्वा के डॉक्टरों की टीम ने जांच किया तो पता चला कि इस मरीज को ब्लड कैंसर है।

राज्यपाल से मिला दीपशिखा का प्रतिनिधिमंडल

रांची: राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई), रांची के एक शिष्टमंडल ने प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

विस चुनाव: हटिया के चुनावी रण में उतरीं ट्रांसजेंडर नगमा रानी

भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों को देंगी टक्कर

मेट्रो रेज

रांची : हटिया विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रण में ट्रांसजेंडर उम्मीदवार नगमा रानी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कदम रखा है। जहां वो भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को टक्कर देती नजर आएंगी। जानकारी के मुताबिक, नगमा रानी ने उच्च शिक्षा एवं रोजगार के लिए युवाओं के संघर्ष और गरीबों की निराशाजनक स्थिति को देखते हुए राजनीति की दुनिया में कदम रखने का फैसला लिया और 23 अक्तूबर को एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

'युवाओं को नौकरी के लिए संघर्ष करते देखकर दुख होता है': वहीं इस मामले में नगमा रानी ने कहा, हम सड़कों पर समय गुजारते हैं और घरों का दौरा करते हैं। मुझे गरीब और असहाय युवाओं को उच्च शिक्षा और नौकरियों के लिए संघर्ष करते देखकर दुख होता है। निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे या स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं किया गया है। इन्हीं चीजों ने मुझे राजनीति की दुनिया में कदम रखने और बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

पहले बिहार पुलिस में शामिल होना चाहती थीं नगमा: मूल रूप से बिहार की रहने वाली नगमा रानी रांची में पली-बढ़ीं। उन्होंने कहा, ट्रांसजेंडर होने के कारण मेरे माता-पिता ने बचपन में ही मुझे त्याग दिया था। इसके बाद मेरी गुरु संगीता नाग किन्नर ने रांची में मेरा पालन-पोषण किया। बिहार के मगध विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक नगमा बिहार पुलिस में शामिल होना चाहती थीं। उन्होंने बताया, मैंने कांस्टेबल पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन मेरी उम्र के कारण इसे खारिज कर दिया गया। उस समय, फॉर्म में ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए अलग श्रेणी नहीं थी।

'जीतने पर अपने क्षेत्र के लोगों के लिए करूंगी काम': नगमा ने कहा, मुझे पढ़ना-लिखना पसंद था, लेकिन सामाजिक बाधाओं के कारण मैं नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं हो पाई। मैंने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से पूरी की। नगमा पिछले कई वर्षों से समाज सेवा कर रही हैं और वह अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा लोगों की मदद के लिए दान करती हैं। उन्होंने कहा, अगर मैं जीतती हूं, तो मैं न केवल निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए काम करूंगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करूंगी कि झारखंड के योग्य छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। बता दें कि, हटिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,46,372 मतदाता हैं, जिनमें 23 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ मुकाबला : वहीं भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के साथ अपनी प्रतिस्पर्धा के बारे में नगमा रानी ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में दोनों राष्ट्रीय दलों का काम देखा है। उन्होंने कहा, समुदाय से भारी समर्थन और प्रोत्साहन मिलने के बाद मैंने उनके खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला किया। मैं अपने लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए चुनाव लड़ रही हूं।

- **मंगलवार 29 अक्टूबर 2024**
  धनतेरस (धन-त्रयोदशी) धनतेरस के निमित्त सायंकाल यम-दीपदान,
- **बुधवार 30 अक्टूबर 2024**
  चतुर्दशी के निमित्त सायं दीपदान , श्री हनुमान जयंती
- **गुरुवार 31 अक्टूबर 2024**
  नरक व रूप चतुर्दशी, प्रभात स्नान, अभ्यंग स्नान
- **शुक्रवार 01 नवम्बर 2024**
  दीपावली, श्रीमहालक्ष्मी पूजन, देव-पितृ अमावस्या
- **शनिवार 02 नवम्बर 2024**
  अन्नकूट, गोवर्धन पूजा
- **रविवार 03 नवम्बर 2024**
  भैया दोज (भाई-दूज)

29 अक्टूबर से शुरू होगा दीपोत्सव, इस वर्ष पांच नहीं छह दिनों का होगा दीपोत्सव

29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरूआत

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे। इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने की शुरूआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे। लोकाचार में इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं। लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे।

त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ- 29 अक्टूबर सुबह 10:32 बजे से
त्रयोदशी तिथि समाप्त- 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे तक

31 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी पर महिलाएं संवारेगी रूप

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु ने माता अदिति के आभूषण चुराकर ले जाने वाले निशाचर नरकासुर का वध कर 16 हजार कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। परंपरा में इसे शारीरिक सज्जा और अलंकार का दिन भी माना गया है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में हल्दी, चंदन, सरसो का तेल मिलाकर उबटन तैयार कर शरीर पर लेप कर उससे स्नान कर अपना रूप निखारेंगी। नरक चतुर्दशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी को कई और नामों से भी मनाया जाता है जैसे- नरक चौदस, रूप चौदस और रूप चतुर्दशी आदि। दीपावली से पहले मनाए जाने के कारण इसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा होती है। घर के कोनों में दीपक जलाकर अकाल मृत्यु से मुक्ति की कामना की जाती है।

चतुर्दशी तिथि प्रारम्भ- 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे से
चतुर्दशी तिथि समाप्तझ्र 31 अक्टूबर दोपहर 03:53 बजे तक

2 नवंबर को गोवर्धन पूजा पर बंटेगा अन्नकूट

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि गोवर्धन पूजा को अन्नकूट भी किया जाता है। इस त्योहार में भगवान कृष्ण के साथ गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है। इसी दिन भगवान कृष्ण को 56 भोग बनाकर लगाया जाता है। दीपावली के अगले दिन राजा बली पर भगवान विष्णु की विजय का उत्सव है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धरकर तीन पदों में सारी सृष्टि को नाप लिया था। श्रीकृष्ण ने इसी दिन देवेंद्र के मानमर्दन के लिए गोवर्धन को धारण किया था। शहर में स्थान-स्थान जगह-जगह नवधान्य के बने हुए पर्वत शिखरों का भोग अन्नकूट प्रसाद के रूप में वितरित जाएगा।

3 नवंबर को भाईदूज पर भाई करेंगे बहनों के घर भोजन

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि भाई दूज पांच दिवसीय दीपावली पर्व का आखिरी दिन का त्योहार होता है। भाई दूज कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं मांगती हैं। इस त्योहार को भाई दूज या भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया कई नामों से जाना जाता है। भविष्य पुराण में लिखा है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर पर भोजन करने के लिए आमंत्रित किया था। यही वजह है कि आज भी इस दिन समझदार लोग अपने घर मध्याह्न का भोजन नहीं करते। कल्याण और समृद्धि के भाई को इस दिन अपनी बहन के घर में ही स्नेहवश भोजन करना चाहिए।

- डा. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक



1 नवंबर को दीपावली पर होगी महालक्ष्मी-गणेश पूजन

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि दीपावली पर घरों को रोशनी से सजाया जाता है। दीपावली की शाम को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी, भगवान गणेश, मां सरस्वती और धन के देवता कुबेर की पूजा-आराधना होती है। मान्यता है दीपावली की रात माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और घर-घर जाकर ये देखती हैं किसका घर साफ है और किसके यहां पर विधिविधान से पूजा हो रही है। माता लक्ष्मी वहीं पर अपनी कृपा बरसाती हैं। दीपावली पर लोग सुख-समृद्धि और भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए माता लक्ष्मी की विशेष पूजा करते हैं। अथर्ववेद में लिखा है कि जल, अन्न और सारे सुख देने वाली पृथ्वी माता को ही दीपावली के दिन भगवती लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता है। कार्तिक अमावस्या का दिन अंधेरे की अनादि सत्ता को अंत में बदल देता है, जब छोटे-छोटे ज्योति-कलश दीप जगमगाने लगते हैं। प्रदोषकाल में माता लक्ष्मी के साथ गणपति, सरस्वती, कुबेर और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है।

कार्तिक अमावस्या तिथि प्रारम्भ- 31 अक्टूबर को दोपहर 3:53 **बजे से**
कार्तिक अमावस्या तिथि समाप्ति- 1 नवंबर की शाम 6:17 तक

100 साल बाद 5 दुर्लभ योग में मनाई जायेगी धनतेरस

गुरु पुष्य के बाद दीपावली से पहले खरीदारी का दूसरा महामुहूर्त धनतेरस 29 अक्टूबर को रहेगा। इस दिन खरीदारी का तीन गुना लाभ देने वाला त्रिपुष्कर के साथ ही लक्ष्मीनारायण योग भी बनेगा। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन के साथ भूमि-भवन, इलेक्ट्रानिक सामग्री के साथ ही सभी प्रकार की चल-अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद होगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को होगा। धनतेरस नाम ₹धनर₹ और ₹तेरसर₹ शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है। इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है। इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है। हालाँकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है। इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरूआत मंगलवार 29 अक्टूबर को सुबह 10.32 से 30 अक्टूबर को दोपहर 1.16 बजे तक रहेगी। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है। इसमें किए गए कार्य के प्रभाव को तीन गुना बढ़ा देता है। इस योग में शुभ कार्यों को करना उत्तम माना जाता है। साथ ही ऐसे कार्यों, जिसमें हानि संभावित हो उन्हें करने से बचना चाहिए। इसके अतिरिक्त शुक्र पहले से वृश्चिक राशि में है, जबकि धनतेरस पर वृश्चिक राशि में बुध के आने लक्ष्मीनारायण योग भी निर्मित होगा। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस पर तिथि वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है। इस शुभ योग में किए गए निवेश से तीन गुना फायदा मिल सकता है। त्रिपुष्कर योग में खरीदारी भी तीन गुना शुभ और फायदेमंद मानी जाती है। इस दिन बिजनेस और शुभ कामों की शुरूआत करनी चाहिए। जो लोग 30 तारीख को खरीदी करना चाहते हैं, उनके लिए अगले दिन सर्वार्थसिद्धि योग में खरीदारी करना भी शुभ फलदायी रहेगा।

धनतेरस तिथि

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 29 अक्टूबर सुबह 10:32 बजे से से होगा। यह तिथि अगले दिन 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे तक रहेगी। चूंकि धनतेरस का त्योहार प्रदोष काल में मनाने की परंपरा है, इसलिए यह 29 अक्टूबर को मनाई जाएगी।
त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ -29 अक्टूबर सुबह 10:32 बजे से
त्रयोदशी तिथि समाप्त झ्र 30 अक्टूबर दोपहर 01:16 बजे तक

धनतेरस पर शुभ योग

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, धनत्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा।
इंद्र योग - 28 अक्टूबर 2024, सुबह 6:48 - 29 अक्टूबर 2024, सुबह 07:48 तक
त्रिपुष्कर योग - 06:31 - सुबह 10:31 (29 अक्टूबर)
लक्ष्मी-नारायण योग - धनतेरस के दिन वृश्चिक राशि में शुक्र और बुध एक साथ विराजमान रहेंगे, ऐसे में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा।
शश महापुरुष राजयोग - धनतेरस पर शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में रहेंगे। जिससे शश महापुरुष राजयोग बनेगा, ऐसे में शनि की कृपा भी प्राप्त होगी।

खरीदारी के लिए चौघड़िया

चर : सुबह 9.18 से 10.41 बजे तक।
लाभ : सुबह 10.41 से दोपहर 12.05 और शाम 7.15 से 8.51 बजे तक।
अमृत : दोपहर 12.05 से 1.28 बजे तक।
शुभ : दोपहर 2.51 से 4.15 बजे तक।
प्रदोषकाल में पूजन मुहूर्त 1 घंटा 31 मिनट
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस से पंच पर्व की शुरूआत होगी। भगवान धन्वंतरि के अतिरिक्त सुख-समृद्धि के लिए धन लक्ष्मी और कुबेर का पूजन किया जाता है। इसके साथ अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के लिए यम दीप दान करते हैं। लक्ष्मी-कुबेर पूजन के साथ यम दीप दान के लिए प्रदोषकाल में शाम 6.31 से रात 8.13 बजे तक 1 घंटा 42 मिनट का श्रेष्ठ समय है। प्रदोषकाल शाम 5.38 से रात 8.13 बजे तक रहेगा।

29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरूआत

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक

उपायुक्त ने वाहनों के लाइव लोकेशन की जांच का दिया निर्देश

मेट्रो रेज

साहिबगंजः जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में खाद्य आपूर्ति के कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उपायुक्त के निदेर्शानुसार सभी खाद्य ट्रांस्पोर्ट में जीपीएस लगाने का निर्देश दिया गया था, जिसमें बताया गया कि सभी वाहन में जीपीएस लगा दिया गया है। उपायुक्त ने जीपीएस के माध्यम से सभी वाहन का लाइव लोकेशन की जांच करने का

आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित दिया गया कि वह खाद्य ट्रांस्पोर्ट के चालकों का व वाहनों का फिटनेस की जाँच करेंगे व खाद्य गोदामों में आगत-निर्गत रोस्टर पंजी तैयार करेंगे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे।

वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वैन से 77 हजार एक सौ रुपए बरामद

मेट्रो रेज

साहिबगंजः विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिह साहिबगंज के निदेर्शानुसार इंटरडिस्ट्रिक्ट ,इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सघन जांच जारी है। इसी क्रम में बरहरवा थाना अंतर्गत फरीदपुर चेकनाका पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन से 77100/-रुपए बरामद किया गया। वाहन चालक एवं वाहन में मौजूद व्यक्ति के द्वारा उक्त कैश के संबंध में कोई भी बात कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

न्यूज IN ब्रीफ

हाजी हज के सभी कागजात 31 तक करे जमा : अनवर

साहिबगंजः जिला हज कोडीनेटर अनवर अली से बात चीत के दौरान बताया की अगर हाजी हज के लिए जाना चाहते है तो अपने सभी कागजात और किस्त 31 अक्टूबर तक जमा कर दे । इसमे आवेदन का फोटो स्टेट , जमा रसीद, पासपोर्ट ,मेडिकल प्रमाण पत्र,शपथ पत्र और फोटो पांच नवम्बर थक जमा करेंगे । तभी हाजी हज के लिए जाना सकते हैं

छठ महापर्व को लेकर किया छठ घाटो का निरीक्षण

साहिबगंजःआगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद साहिबगंज के प्रशासन अभिषेक कुमार सिंह ने नगर प्रबंधक बिरेश कुमार व कनीय अभियंता के साथ पवित्र गंगा घाट यथा-गोपाल पुल के पास शीतला घाट शकुंतला सहाय घाट मुक्तेश्वर घाट नमामि गंगे बिजली घाट आदि की साफ सफाई चेंजिंग रूम घाट के फर्श लाइट आदि का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया और घाट को साफ सुथरा अविलंब करवाने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त इन घाटों पर लोकहित में अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु कहा।नमामि गंगे घाट पर मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक संध्या गंगा आरती का प्रचार प्रसार करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को आरती में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु लोगों से अपील की।

महागामा विधानसभा क्षेत्र में सभी र्व के लोगों को मिला सम्मानः दीपिका पांडेय सिंह

साहिबगंज/ठाकुरगंगटी : महगामा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दीपीका पांडेय सिंह ने शनिवार को महेरमा प्रखंड का दौरा कर कसबा गांव पहुंचने पर बुकें फूलों का माला पहन कर स्वागत किया फिर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से कहा कि 5 साल पूर्व वर्तमान महगामा विधानसभा क्षेत्र डेमोग्राफी काफी बदलाव हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सोलर लाइट, चापानल, सड़क, महीलाओं का सम्मान गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी कमी को दूर किया गया हैं। उन्होंने कहा कि इस बार एक बार फिर मौका उन्हें दें वे लोगों के चेहरों पर खुशियों की मुस्कान बिखेरेंगे। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सबको मान-सम्मान देने का काम किया है। मंईयां सम्मान योजना में बहनों के खाते में हर महीने 1000 रुपये, किसानों का कृषि ऋण माफी, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, सभी वर्गों की महिलाओं को पेंशन, बुजुर्गों को पेंशन, ठाकुरगंगटी में डिग्री कॉलेज, सरना आदिवासियों के लिए विधानसभा से सरना धर्म कोड पास किया जिसकी फाइल केंद्र की भाजपा सरकार दबाकर बैठ गई है। जनता फिर इस बार फिर एक मौका दे। गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में वोट की अपील की। जनसंपर्क में आत्मा पांडे, बबलू मिश्रा, राहुल मिश्रा, अंकित तिवारी, मुकेश मिश्रा, प्रतीक झा,कुश झा व अन्य मौजूद थे।

पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

साहिबगंज : विधानसभा चुनाव- 2024 के परिप्रेक्ष्य समाहरणालय स्थित सिद्धो कान्हू सभागार में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, मतदान दिवस मतदाता कतार प्रबंधन, 100 मीटर और 200 मीटर का महत्व, पोल सामग्री जमा करना, डाक मतपत्र फार्म 12 में आवेदन एवं मतदान प्रक्रिया का जानकारी दी गई।मौके पर प्रशिक्षक के रूप में प्रभात कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

साहिबगंजःरेल थाना क्षेत्र के पूर्वी फाटक रेलवे पोल संख्या 230/0-1 के बीच शनिवार की सुबह लगभग चार बजे किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पूर्वी फाटक स्थित पोखरिया निवासी जितेंद्र प्रसाद साह की पत्नी रीना देवी(48) थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का परिजनों को सौंप दिया। रेल थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्रत्येक तीन माह में पीएचडी शोधार्थियों को जमा करनी होगी प्रगति रिपोर्ट

दुमकाः सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका से पीएचडी करने वाले सभी शोधार्थियों को अब हर तीन माह पर अपनी शोध प्रगति रिपोर्ट जमा करनी होगी। शोधार्थी अपनी शोध प्रगति रिपोर्ट अपने मार्गदर्शक से अग्रसारित कराकर अपने विभाग में जमा करेंगे जिसे विभागाध्यक्ष द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को भेजा जाएगा। इस संबंध में शनिवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह द्वारा सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा गया है। उक्त पत्र में यह भी कहा गया है कि विश्वविद्यालय से शोध करने वाले शोधार्थियों को नियमित रूप से अपने विभाग में आना होगा तथा प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थिति पंजी की छायाप्रति जमा करनी होगी। पत्र में पीएचडी फेलोशिप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन विभाग आने का निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में ऐसी व्यवस्था पहले से लागू है। वहां के शोधार्थी शोध के दौरान नियमित अंतराल पर प्रगति रिपोर्ट जमा करते हैं। यह निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा 4 व 5 अक्टूबर 2024को आयोजित पीजीआरसी की बैठक में लिया गया है। माना जा रहा है कि इस निर्णय से विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता में सुधार आएगा तथा शोधार्थी समय पर अपना शोध कार्य पूरा कर सकेंगे। विश्वविद्यालय में 5 साल में अपना शोध कार्य पूरा न करने वाले शोधकताओं की सूची लंबी है। इसके अलावा कई शोध निदेशकों ने विश्वविद्यालय को बताया था कि उनके शोधकर्ता केवल हस्ताक्षर के लिए उनके पास जाते हैं और पूरे शोध के दौरान उनसे मिलते भी नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस फैसले से ऐसे मामलों में कमी आएगी।

पीजी. सेमेस्टर-2 की आयोजित परीक्षा संपन्न

दुमकाः सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में चल रही पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई। उक्त परीक्षा 18 से 26 अक्टूबर2024 तक आयोजित की गई थी। शनिवार को अंतिम दिन द्वितीय पाली में गैर प्रायोगिक विषयों की परीक्षा हुई जिसमें इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र एवं उर्दू विषय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंतिम दिन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह भी परीक्षा व्यवस्था को देखने एवं निरीक्षण करने विश्वविद्यालय परिसर स्थित परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्राधीक्षक डॉ. सुशील टुडू, स्नातकोत्तर विभाग के सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं परीक्षा कार्य में लगे सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सराहना की तथा कहा कि संपन्न हुई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूजा की छुट्टियों के तुरंत बाद शुरू कर दिया जाएगा।

रंगोली, भाषण व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

मेट्रो रेज

साहिबगंज : दीपावली के उपलक्ष्य में महिला महाविद्यालय साहिबगंज में दीपोत्सव,रंगोली, भाषण और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस आयोजन में प्राचार्य डॉ.ध्रुव ज्योति सिंह एवं राजनीतिक विज्ञान से डॉ.पूर्णिमा लकड़ा, हिंदी विभाग से प्रीति प्रिया मरांडी,डॉ.सविता एवं वाणिज्य विभाग से संध्या शशि खाखा व सहायक प्राध्यापक कोमल कुमारी तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम की संयोजक कोमल कुमारी ने थी।

मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक डॉ सूर्यानंद इंटरनेशल सेमिनार में हुए सम्मानित

मेट्रो रेज

साहिबगंज : शहर के मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक वियतनाम की राजधानी हनोई में जर्मन होमियो के फार्मास्युटिकल्स के तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय इंटरनेशन कॉन्फ्रेंस में सम्मानित हुए हैं।उन्हें वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा एवं रिसर्चर डॉक्टर यू एस वर्मा ने सम्मानित किया। वहां से लौटने के बाद डॉ सूर्यानंद ने बताया कि इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में उन्होंने होम्योपैथिक का विकास, होम्योपैथिक चिकित्सा के सामने बीमारी के बदलते हुए सिमटेम, नए-नए वायरस,बैक्टीरिया एवं मानव शरीर में उत्पन्न हो रहे नए सिम्पटम,ग्लोबल वार्मिंग के

कारण अचानक सारे मौसम में बदलाव और उससे उत्पन्न होने वाली नई बीमारियों के ऊपर विस्तृत रूप से अपना मंतव्य रखा।मुख्य अतिथि के रूप में रांची के वरिष्ठ चिकित्सा डॉक्टर यू एस वर्मा ने भी होमियोपैथी और चैलेंजेज पर अपने मंतव्य रखा।अन्य सभी चिकित्सकों ने भी अपने-अपने क्लीनिकल एक्सपीरियंस से अवगत कराया। कांफ्रेंस में देश के अलग-अलग राज्यों से होम्योपैथिक चिकित्सक ने भी शिरकत की थी।कॉन्फ्रेंस में डॉ अमित कुमार, डॉ प्रभास कुमार,डॉ ओम प्रकाश,डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार,डॉ बृजेश कुमार सहित कुल 64 डॉक्टर को सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल सेमिनार के आयोजक जर्मन होमियो केयर फार्मास्यूटिकल्स के सीईओ सतीश कुमार भी मौजूद थे।

सामुदायिक नेताओं का सम्मान समारोह सम्पन्न

मेट्रो रेज

दुमकाः शहर के जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के सभागार में संताल परगना प्रमंडल के दुमका, पाकुड़, गोड्डा एवं साहिबगंज जिले से आए सामूदायिक नेताओं का सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न संगठनो के सामुदायिक नेता उपस्थित हुए ' ज्ञात हो कि ईएसपी. पिछले 9 वर्षों से सामाजिक, आर्थिक और संविधानिक मुद्दों को लेकर जमीनी स्तर पर कार्यरत है। जिसका मुख्य उदेश्य अलग अलग सक्रिय संगठनों को यूनिट बनाकर तथा ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण देकर नये सामुदायिक नेताओं को सामाजिक कार्यों में आगे आने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अपने सामुदाय की अगुवाई कर सके। इस सम्मान समारोह में जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र दुमका,लहंती ,काठीकुंड, गोटा भारोत सिदो कान्हू हुल बैसी दुमका,आदिवासी विकास ट्रस्ट गोड्डा, पहाड़िया सेवा समिति ,सठिया,अमन प्रयास, पाकुड़,आतो लहांती बैसी, बाथानी के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में सामुदायिक नेताओं को सम्मान स्वरुप परम्परागत पहनावा पंची और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित सामुदायिक नेताओं ने अपने कायार्नुभव तथा चुनौतियों साझा किया । इस कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में इएसपी के जेवियर सोरेंग (नेशनल डायरेक्टर) जयंता पात्रा (नेशनल कोऑर्डिनेटर), पीएम टोनी (झारखण्ड स्टेट कोऑर्डिनेटर), तारामानी साहू एवं सुभाष हेम्ब्रम (स्टेट लेवल ट्रेनर) ने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी सामुदायिक नेताओं को शुभकामना दी एवं अपने वक्तव्य में सामुदायिक नेताओं को ऊर्जा एवं उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि चुनौतियों के बीच किस तरह से कार्य करें जिससे हमारा समाज सामाजिक, आर्थिक और राजनीति दृष्टिकोण से हासिये से ऊपर आकर आधुनिक युग के समांतर आ सके ।इस कार्यक्रम का संचालन सुलेमान मराण्डी एवं सुशांत सोरेन ने किया ।

विधानसभा चुनाव को लेकर सतर्क रहे पुलिस प्रशासनः अमित कुमार

मेट्रो रेज

साहिबगंज : पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में शनिवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिए। कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को अपराधियों की लिस्ट बना कर उन्हें गिरफ्तार करने एवं संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध का निर्देश दिया। साथ ही नशा उत्पादों पर रोक लगाने, बाइक की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक,

चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। एसपी ने कई पार्टियों प्रत्याशियों के नामांकन, चुनावी सभा, आवागमन व्यवस्था, हैलीपेड सुरक्षा को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी सहित कई इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

इंटरनेशनल सेमिनार ओं ग्रीन केमेस्ट्री-2024

देश-विदेश के शोधार्थियों ने सेमिनार में प्रस्तुत किये अपने शोध पत्र

मेट्रो रेज

साहिबगंज : महाविद्यालय साहिबगंज रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने इंटरनेशनल सेमिनार ओं ग्रीन केमेस्ट्री-2024 में आभासी रूप से भाग लिया जिसका आयोजन विश्वविद्यालय रसायन शास्त्र विभाग ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा ने किया था।उपरोक्त सेमिनार में डॉ कुमार ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक सस्टेनेबल एग्रीकल्चर ए पाथवे टू फूड सिक्योरिटी एंड एनवायरमेंटल प्रोटक्शन फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर था।देश-विदेश के

शोधार्थियों ने भी अपने-अपने शोध पत्र को सेमिनार में प्रस्तुत किया।डॉ कुमार ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के विभिन्न पहलू जैसे सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की जरूरत,प्रैक्टिस आफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, गवर्नमेंट स्कीम्स फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर,मॉडर्न टूल्स ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर,वर्तमान, भूत,भविष्य की एग्रीकल्चर विधियां,कन्वेंशनल सस्टेनेबल एग्रीकल्चर,चैलेंज ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर,आदि पर गहन प्रकाश डाला।सभी ने शोध पत्र को सराहा और वर्तमान समय में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर से देश के जीडीपी को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है इस पर भी प्रकाश डाला।पेपर में लेखक के रूप में प्रो (डॉ)सुभाष प्रसाद सिंह,ए एन कॉलेज पटना,प्रो (डॉ)संजय कुमार चौधरी,ललित नारायण विश्वविद्यालय,दरभंगा, डॉ आनंद मोहन झा,एम एल एस एम कॉलेज दरभंगा ऐश्वर्या प्रकाश व देवव्रत कुमार, स्नातक छात्र,रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग,साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज थे। रसायन शास्त्र विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने भी आभासी रूप से इस सेमिनार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें अभिषेक आनंद, ऋषभ राज,अंकित कुमार, आशीष कुमार,शिवम कुमार,व अन्य थे।



एक्ट्रेस कंगना ने सोशल मीडिया पर साझा की राजस्थान दौरे की यादें

बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने सोशल मीडिशा प्लेटफार्म एक्स पर अपनी राजस्थान दौरे की यादें साझा की हैं। उन्होंने लिखा है कि परिवार के साथ वे राजस्थान में छुट्टियां बिता रही हैं। राजस्थान वीरों की धरती है, यहां आकर हमेशा अच्छा लगता है। कंगना ने चित्तौड़गढ़ के हल्दीघाटी स्थित म्यूजियम, चित्तौड़गढ़ फोर्ट, मीरा बाई मंदिर, पिछोली झील (उदयपुर) और श्रीनाथजी मंदिर (नाथद्वार, राजसमंद) की तस्वीरें साझा की हैं। कंगना गुरुवार शाम कुछ देर के लिए चित्तौड़ फोर्ट पर पहुंची थी। इसके बाद को उन्होंने चित्तौड़ फोर्ट पर खिंचवाई और अपनी तस्वीर शेयर कर अनुभव साझा किया है। अपने लुक और ड्रेसअप के चलते एक्ट्रेस का फोटो काफी लाइक किया जा रहा है। कंगना से पहले भी कई फिल्म अभिनेता और अभिनेत्रियां चित्तौड़ दुर्ग भ्रमण पर आ चुकी है और फिल्मों की शूटिंग भी हुई है। लेकिन कंगना के एक्स पर फोटो शेयर करने के बाद बॉलीवुड इंडस्ट्रीज के अलावा कंगना की प्रशंसकों तक चित्तौड़ फोर्ट के फोटो पहुंचे हैं। कंगना ने बुधवार को उदयपुर में और गुरुवार शाम एक से दो घंटे के लिए चित्तौड़गढ़ आई थी। यहां चित्तौड़ दुर्ग पर कुंभामहल, विजय स्तम्भ, मीरा मंदिर, कुंभ श्याम मंदिर आदि स्थान देखे थे। इसके बाद उन्होंने फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए हैं। इसमें कंगना फोटो क्लिक के दौरान काफी खुश नजर आ रही है।

कंगना ने पोस्ट किया कि क्या आप जानते हैं कि मथुरा के कृष्ण राजस्थान के नाथद्वारा में क्यों रहते हैं? क्योंकि उन्होंने मीरा से वादा किया था कि वे उदयपुर आकर उनके साथ रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि मुगलों के आक्रमण के समय कृष्ण ने मथुरा के मंदिर के पुजारियों से कहा था कि वे अब उदयपुर में रहेंगे और रातों-रात कृष्ण की प्रतिमा नाथद्वारा में स्थानांतरित कर दी गई और अब ठाकुर जी मीरा के राजस्थान में हैं। क्या आप तय कर सकते हैं कि मीरा कृष्ण से ज्यादा प्यार करती हैं या कृष्ण मीरा से ज्यादा प्यार करते हैं। मीरा बाई के महल और उनके मंदिर की यात्रा पर कंगना ने लिखा कि अपनी कुलदेवी के मंदिर में दर्शन करने के बाद हम चित्तौड़गढ़ किले में गए और मीरा बाई के महल और उनके मंदिर का दौरा किया। महल प्रभावशाली था और मंदिर दिव्य था। मीरा बाई के मंदिर में भगवान कृष्ण की प्रतिमा की पूजा की जाती है और उनके पैरों में मीरा बाई की एक छोटी मूर्ति है। मैं वहां बैठकर ध्यान कर रही था जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मैंने पाया कि कृष्ण की प्रतिमा की त्वचा पीली-गोरी है, न कि उनकी सामान्य काली त्वचा। बहुत नाजुक हड्डियां और और सीधे लंबे हल्के भूरे बाल। फिर मैंने मीरा बाई को देखा और महसूस किया कि वे दोनों एक ही हैं। उस मंदिर में शायद कृष्ण की पूजा मीरा के रूप में की जाती है। इस दृश्य ने मुझे इतना गहराई से प्रभावित किया कि मेरा चेहरा आंसुओं से भर गया। वह मीरा नहीं थी, वह कृष्ण थी। जब आप किसी में डूब जाते हैं तो आप नहीं होते, केवल वह होता है।

जूनियर एनटीआर ने शुरू की 'वॉर 2' की शूटिंग

अभिनेता ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर-2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'वॉर' की सफलता के बाद 'यशराज स्पाई यूनिवर्स' की फिल्म 'वॉर-2' जल्द ही पर्दे पर आने वाली है। बॉलीवुड का एक खूबसूरत हंक ऋतिक रोशन एक बार फिर कबीर के किरदार में नजर आएंगे। 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'वॉर' बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। फिल्म के पहले पार्ट में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ, वाणी कपूर, अनुप्रिया गोयनका जैसे कलाकारों की फौज नजर आई थी। इसी बीच फिल्म 'वॉर-2' के सीक्वल में नया मोड़ आ गया है। फिल्म में ऋतिक के साथ साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। ऐसे में मुंबई में 'वॉर-2' के सेट से जूनियर एनटीआर की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। 'वॉर 2' को लेकर एक और अहम बदलाव यह है कि इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी करेंगे। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन इस बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। फिल्म देवड़ा के बाद जूनियर एनटीआर 'वॉर-2' की शूटिंग में बिजी हैं। इसी तरह फिल्म के सेट से एक्टर की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में साउथ स्टार जूनियर एनटीआर खाकी रंग की पैंट और शर्ट में नजर आ रहे हैं। एक्टर की ये तस्वीरें देख फैंस की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में जूनियर एनटीआर विलेन के रोल में नजर आएंगे। ऐसे में ये देखना अहम होगा कि इस फिल्म में दर्शकों को क्या अलग देखने को मिलेगा।

अजय देवगन की नई फिल्म 'नाम' की घोषणा

एक्शन स्टार अजय देवगन और निर्देशक अनीस बज्मी एक बड़े एक्शन एंटरटेनर के लिए टीम बना रहे हैं। जबकि अजय देवगन 'सिंघम अगेन' की रिलीज के लिए तैयार हो रहे हैं और अनीस बज्मी 'भूल भुलैया 3' के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस जोड़ी ने अपने फैंस और दर्शकों को नई एक्शन स्पेक्टेकल 'नाम' की घोषणा करके चौंका दिया है। निमार्ताओं ने आधिकारिक पोस्टर शेयर कर घोषणा की। इसने दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। अजय देवगन के दमदार अभिनय और अनीस बज्मी की कहानी कहने की कला का मेल दर्शकों के लिए एक बेहतरीन अनुभव लेकर आएगा। 'नाम' 22 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी। पहले पोस्टर ने फिल्म की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। अजय देवगन का एक्शन ड्रामा में होना हमेशा दर्शकों के लिए एक बड़ा आकर्षण होता है। अगर ये फिल्म उच्च-ऑक्टेन एक्शन से भरी होगी तो, निश्चित रूप से इसमें कई दिलचस्प मोड़ और रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। अनीस बज्मी का निर्देशन और अजय देवगन की परफॉर्मेंस मिलकर एक बेहतरीन अनुभव देने की उम्मीद है। अजय देवगन, जिन्हें मास महाराजा के नाम से भी जाना जाता है और जिनकी मजबूत परफॉर्मेंस के लिए उनकी सराहना की जाती है। फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया और साजिद वाजिद द्वारा कंपोज्ड किया गया है।

'आमी जे तोमार' पर डांस करते वक्त स्टेज पर गिर पड़ीं विद्या बालन

फिलहाल 'भूल भूलैया 3' की खूब चर्चा हो रही है। इस फिल्म में विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। 'भूल भुलैया 3' के प्रमोशनल इवेंट इस वक्त जोरों-शोरों से चल रहे हैं। इस इवेंट में फिल्म की मुख्य स्टार कास्ट शिरकत करती नजर आ रही है। इसी तरह 'भूल भुलैया 3' का बहुप्रतीक्षित गाना 'आमी जे तोमार' कल रिलीज हो गया। इस मौके पर माधुरी और विद्या दोनों ने डांस कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी दौरान विद्या स्टेज पर गिर जाती हैं। बाद में एक्ट्रेस की हरकतों ने सभी का दिल जीत लिया। विद्या बालन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। 'भूल भुलैया 3' का गाना 'आमी जे तोमार' कल लॉन्च हुआ। इस बार इस गाने पर विद्या बालन और माधुरी दीक्षित ने परफॉर्म किया। डांस करते वक्त विद्या का पैर फिसल गया और वह स्टेज पर गिर गईं। लेकिन विद्या ने इस पर ज्यादा ध्यान न देते हुए तुरंत खुद को



संभाला और अगला डांस स्टेप किया। जब विद्या ने गाना और डांस जारी रखा तो सभी ने तालियां बजाईं। 'अमी जे तोमार' गाने को श्रेया घोषाल की आवाज में तैयार किया गया है। उन्होंने पिछले दो गानों को भी आवाज दी है. इस गाने के संगीतकार अमल मलिक हैं और समीर ने इस गाने को लिखा है। माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने शानदार अभिव्यक्ति, अधिकतम प्रदर्शन और शक्तिशाली ऊर्जा के साथ 'अमी जे तोमार' में धमाल मचाया। इसे चिन्नी प्रकाश ने कोरियोग्राफ किया है।

'भूल भुलैया 3' में विद्या-माधुरी एक साथ

'भूल भूलैया' के पहले पार्ट में नजर आ चुकीं विद्या बालन एक बार फिर 'भूल भूलैया 3' में नजर आएंगी, जिससे सभी खुश हैं। मंजुलिका के साथ विद्या बालन कार्तिक आर्यन सीधी लड़ाई करते नजर आएंगे। इसके अलावा माधुरी दीक्षित भी मंजुलिका के किरदार में नजर आएंगी। 'भूल भुलैया 3' इस दिवाली 1 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है। फिल्म में तृप्ति डेमरी विद्या बालन और कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

कोहली के हॉल ऑफ फेम ट्रिब्यूट पर एबी डिविलियर्स ने कहा- 'मुझे बहुत गर्व है...'

एजेंसी

नई दिल्ली : दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स हाल ही में इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक और भारत की नीतू डेविड के साथ आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए हैं। डिविलियर्स ने विराट कोहली के उस भावुक पत्र का जवाब दिया, जो उन्होंने एबी को इस सम्मान के बाद लिखा था।

आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद डिविलियर्स के अच्छे दोस्त विराट कोहली ने उनके लिए एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा, जिसमें उन्होंने कहा, 'हॉल ऑफ फेम आपके खेल पर प्रभाव का प्रतीक है और आपका योगदान अद्वितीय है। लोग हमेशा आपकी प्रतिभा की बात करते हैं और सही करते हैं। आप सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिनके साथ मैंने खेला है। आप नंबर एक हैं।' डिविलियर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में आईसीसी का इस सम्मान के लिए धन्यवाद किया और कोहली के पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस पत्र ने उन्हें गर्व महसूस कराया। उन्होंने कहा, 'मैं आप सभी का

समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं और खासकर आईसीसी का आभार व्यक्त करता हूं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इन चीजों से थोड़ा शमार्ता हूं, इसलिए ज्यादा कुछ नहीं कहता, लेकिन यह मेरे लिए बहुत गर्व का पल है और यह मुझे उस मेहनत की याद दिलाता है जो मैंने इस मुकाम तक पहुंचने में की है।'

डिविलियर्स ने कोहली के पत्र के बारे में कहा, 'यह मेरे लिए खास है और खासकर विराट के शब्दों के लिए गर्व है। विराट ने मेरे बारे में लिखा कि मैंने हमेशा टीम को पहले रखा।' डिविलियर्स ने 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उनका टेस्ट और वनडे में औसत 50 से अधिक रहा है, और उनके नाम 20,014 अंतरराष्ट्रीय रन हैं, जो दक्षिण अफ्रीका में सिर्फ जैक्स कैलिस से कम हैं।

उन्होंने अपने खेल को लेकर कहा, ₹मैं हमेशा टीम के लिए कुछ करने के लिए तैयार रहता था। यही मैं चाहता हूं कि लोग मुझे याद करें - मेरे आंकड़ों से नहीं, बल्कि एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में, जिसने टीम को प्राथमिकता दी। मुझे इस पर गर्व है और यही मेरी क्रिकेट की पहचान है।

सुल्तान जोहोर कप 2024

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली। गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूनार्मेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरूआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मनमीत ने 20वें मिनट में अनमोल एक्का और मुकेश के शानदार स्टिकवर्क की मदद से मैदानी गोल किया। इसके बाद भारत ने लगातार हमले किए लेकिन वह अपनी बढ़त और मजबूत नहीं कर पाया। तीसरे क्वार्टर में किसी भी टीम में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर में दो महत्वपूर्ण गोल करके वापसी की, जिससे भारत की कांस्य जीतने की उम्मीदें अधर में लटक गईं।

डेविड वार्नर को फिर से लीडरशिप रोल निभाने की मंजूरी मिली

एजेंसी

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की है कि पूर्व बाएं हाथ के ओपनर डेविड वॉर्नर को अब ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में लीडरशिप भूमिकाओं में शामिल होने की अनुमति दे दी गई है।

सीए ने अपने बयान में कहा कि एक तीन-सदस्यीय समीक्षा पैनल ने वॉर्नर के बैन हटाने की शर्तों को पूरा करने की पुष्टि की है। यह सुनवाई इस महीने हुई थी, जहां वॉर्नर ने 2022 में आवेदन किया था कि 2018 में उन पर लगे आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध को हटा दिया जाए। यह बैन दक्षिण अफ्रीका में सैंडपेपर स्कैंडल के बाद लगाया गया था। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड, न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन, पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल और वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष लीजा स्टैलेकर सहित कई लोगों ने वॉर्नर के समर्थन में लिखित चरित्र संदर्भ दिए थे। पैनल के सदस्य एलन सुलिवन, जेफ ग्लीसन और जेन सीब्राइट ने सर्वसम्मति से माना कि वॉर्नर ने 2018 के बैन को हटाने की सभी शर्तें पूरी कर ली हैं और

छह साल पहले लगाया गया बैन अपना उद्देश्य पूरा कर चुका है।

पैनल ने महसूस किया कि वार्नर ने अपनी गलती को ईमानदारी से स्वीकार किया और उनके व्यवहार पर गंभीर पछतावा है। पैनल ने यह भी कहा कि वॉर्नर युवा क्रिकेटरों के विकास में योगदान दे सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया में दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अब वॉर्नर को आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी थंडर की कप्तानी करने का मौका मिल सकता है। सुनवाई में उनके साथ सिडनी थंडर के जनरल मैनेजर और लंबे समय से साथी रहे ट्रेंट कोपलैंड भी थे।

सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉली ने कहा, 2022 में हमने आचार संहिता को अपडेट किया ताकि खिलाड़ियों के लिए एक निष्पक्ष प्रक्रिया हो सके। मुझे खुशी है कि वॉर्नर पर प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया और अब वे इस गर्मी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में नेतृत्व भूमिका निभा सकते हैं।

डिजिटल अरेस्ट को लेकर सावधान रहें, रुको सोचो और एक्शन लो- का पालन करें : पीएम

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट की धोखाधड़ी से सावधान करते हुए कहा कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी पूछताछ के लिए आपसे फोन या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क नहीं करेगी। उन्होंने डिजिटल सुरक्षा के लिए रुको, सोचो और एक्शन लो के तीन चरणों का पालन करने की सलाह

दी। प्रधानमंत्री 'मन की बात' मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी।

उन्होंने देशवासियों को डिजिटल सुरक्षा के लिए रुको, सोचो और एक्शन लो के तीन चरण बताए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल फ्रॉड करने वालों को समाज का दुश्मन बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट को लेकर सावधान रहें। घबराएं नहीं। इस बारे में सोचें, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन को रिपोर्ट करें और सबूत सुरक्षित रखें। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आप को पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती।

उन्होंने कहा कि मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूँ- 'रुको सोचो-एक्शन लो'। कॉल आते ही, 'रुको' - घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।

प्रधानमंत्री ने दूसरा चरण बताते हुए कहा कि 'सोचो' - कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियोकॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के तहत 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।

मुख्यमंत्री योगी ने काशी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का किया शुभारम्भ

एजेंसी

वाराणसी : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय से पूरे प्रदेश में संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। कार्यक्रम में 69,195 विद्यार्थियों को 586 लाख की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री के विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलपति प्रो.बिहारी लाल शर्मा के साथ अन्य शिक्षकों ने उनकी अगुआनी की। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में छात्रों को सम्बोधित करने के बाद काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए जाएंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर पुलिस

लाइन मैदान में उतरा। यहां जनप्रतिनिधियों के साथ राज्य के मंत्रियों, भाजपा के पदाधिकारियों के साथ जिला प्रशासन के अफसरों ने अगुआनी की। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय पहुंचे। दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों और अफसरों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट रोड स्थित हनुमान मंदिर जाएंगे। यहां 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उद्घाटन के बाद हनुमान जी का दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

क्रिकेटर ईशान किशन के पिता जदयू में शामिल होंगे

पटना : क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे रविवार को बिहार की सत्तारूढ़ जदयू में शामिल होने जा रहा हैं। वे नवादा में अपने समर्थकों के साथ नीतीश कुमार की पार्टी का दामन थामेंगे। जदयू प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह रखा गया है। इसी मौके पर प्रणव कुमार पांडे उर्फ चुन्नू अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचेंगे और पार्टी की सदस्यता लेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे पेशे से बिल्डर हैं। वे परिवार के साथ पटना में रहते हैं।

नगर निगम क्षेत्र में दीपावली मेले का आयोजन

एजेंसी

ऋषिकेश : नगर निगम ऋषिकेश ने दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह त्रिवेणी सेना से जुड़ी हुई महिलाओं की आय वृद्धि करने तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रयास किया है। दीपावली पर्व के दौरान नगर निगम ऋषिकेश ने स्वच्छ एवं सुरक्षित दीपावली के साथ ही इको दीपावली मनाने के उद्देश्य से महिला समूहो के सहयोग से त्रिवेणी घाट, कोयल घाटी, एम्स रोड, आईएसबीटी, नटराज चौक, नगर निगम क्षेत्र में दीपावली मेले आयोजित किये। इन मेलों के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई विभिन्न वस्तुओं एवं उत्पादों को बिक्री के लिए रखा गया है। इन

उत्पादों में मुख्य रूप से मोमबत्ती, गोबर से बने हुए दिए, फूल माला, पहाड़ी खाद्य सामग्री, सजावटी वस्तुएं, कागज की थैलियां,कपड़े के थैले, अर्से, रोटना, मिठाई, अचार, जैम, जूस आदि प्रमुख हैं। नगर नगर निगम के आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा जानकारी दी गई कि त्रिवेणी सेना की महिलाओं द्वारा इस दीपावली मेले कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया जा रहा है और अपनी बनाई हुई वस्तुओं एवं उत्पादों को स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को कम दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

पुलिस का 5 घंटे चला धर पकड़ अभियान, 116 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी

फिरोजाबाद : जनपद पुलिस ने शनिवार की रात में पांच घंटे अभियान चलाकर 116 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित हैं जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात 12.00 बजे से रविवार की सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने कुल 116 एनबीडब्ल्यू वारंटी वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें थाना उत्तर ने 4, थाना दक्षिण ने 7, थाना रामगढ़ ने 9, थाना रसूलपुर ने 2, थाना टूण्डला ने 10, थाना नगला सिंघी ने 3, थाना पचोखरा ने 4, थाना नारखी ने 4, थाना रजावली ने 5, सिरसागंज ने 10, थाना नगला खंगर ने 5, थाना

अराव ने 1, थाना नसीरपुर ने 6, थाना शिकोहाबाद ने 17, थाना खैरगढ़ ने 3, थाना मक्खनपुर ने 2, थाना जसराना ने 12, थाना एका ने 4, थाना फरिहा ने 3, थाना मटसेना ने 1 व थाना बसई मौहम्मदपुर ने 4 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में 116 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

देवा मेला महोत्सव में गजल और शायरी पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता

एजेंसी

बाराबंकी : देवा मेला महोत्सव में ऑल इंडिया मुशायरे के शताब्दी वर्ष पर देश के कोने-कोने से आये नामचीन शायरों ने अपनी गजल और नज्म पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। देवा मेला में शनिवार को ऑल इंडिया मुशायरे की शुरूआत मुख्य अतिथि सिने अभिनेता राजबब्बर, विशिष्ट अतिथि जस्टिस फैज आलम खान इलाहाबाद हाईकोर्ट, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप और सांसद तनुज पुनिया ने शमां रोशन कर ऑल इंडिया मुशायरे की शुरूआत की। इसके बाद मुशायरे के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पत्रिका आबशार का विमोचन किया किया। मुशायरे की सदारत अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं शिक्षाविद डॉ. अम्मार रिवजी ने की। मुशायरे का संचालन शायर अजहर इकबाल ने किया। इस मौके पर

मुशायरा के मुख्य संयोजक चौधरी तालिब नजीब, सह संयोजक फजल मदनी और एसएम हारिस आदि ने मुशायरा में आये हुए अतिथियों और शायरों को बुके भेंटकर और शाल ओढाकर सभी का इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के सचिव एडीएम अरुण कुमार सिंह, एडीजे लखनऊ मीनाक्षी, एसीजेएम बाराबंकी वंदना, एसीजेएम डॉ. प्रीति भास्कर। कमेटी के सदस्यगण राय स्वरेश्वर बली उर्फ संजय बली, फव्वाद किदवई, इकबाल मुव्वशिर किदवई, संदीप सिन्हा, चौ. अशीरुद्दीन अशरफ, आदि उपस्थित थे। बाराबंकी, देवा मेला 2024 में ऑल इंडिया मुशायरा कार्यक्रम के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) पूर्ण होने पर मुशायरा कार्यक्रम शुरू करने से पूर्व, पत्रिका आबशार 2024 का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

पंजाबः अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन के पैकेट बरामद

चंडीगढ़ : बीएसएफ ने पाकिस्तान द्वारा पंजाब में नशा सप्लाई की घटना को असफल बनाते हुए अमृतसर क्षेत्र से दो पाकिस्तानी ड्रोन तथा दो पैकेट हेरोइन के बरामद किए हैं। बीएसएफ की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस रिपोर्ट के बाद बीएसएफ ने अमृतसर के गांव धनोए कलां में सीमावर्ती क्षेत्र से सटे खेतों से एक ड्रोन तथा एक पैकेट हेरोइन बरामद किया है। हेरोइन के पैकेट का वजन 550 ग्राम था। इस बीच बीएसएफ की टीम ने अमृतसर जिले के गांव उत्तर धालीवाल में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तीसरे घटनाक्रम के तहत अमृतसर के सीमावर्ती गांव रोड़ावाला खुर्द से 510 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी ड्रोन चीन में बने हैं तथा डीजेआई माविक थ्री क्लासिक क्वालिटी के हैं।

एक बार फिर सरकार के खिलाफ रैली निकालेंगे जूनियर डॉक्टर, 30 अक्टूबर को उतरेंगे सड़कों पर

एजेंसी

कोलकाता : आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने एक बार फिर 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर तक रैली निकालने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार देर रात आयोजित सम्मेलन के बाद लिया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के साथ सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और बांग्ला मनोरंजन उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। सम्मेलन के बाद डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला। आंदोलन की अगुवाई कर रहे अनिकेत महतो ने बताया क 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर के बाहर रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले हुए सम्मेलन का आयोजन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने किया। जिसमें फोरम के 32 प्रतिनिधियों

के साथ-साथ सिविल सोसाइटी और अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। यह सम्मेलन छह घंटे से अधिक समय तक चला। 21 अक्टूबर को डॉक्टरों ने अपना अनशन समाप्त किया था, जो 5 अक्टूबर से चल रहा था। प्रमुख आंदोलनकारी किनजल नंदा ने कहा, हमने मजिस्ट्रेट जांच की मांग इसलिए की थी क्योंकि हमें सच्चाई जाननी है। न केवल न्याय चाहिए, बल्कि हमें पूरे सिस्टम की सफाई भी चाहिए। आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर का शव मिलने के बाद 9 अगस्त को जूनियर डॉक्टरों ने 'सीज-वर्क' आंदोलन शुरू किया था, जो 42 दिनों तक चला। आंदोलन ने अब व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया है। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार इस मामले में सख्त कदम उठाए जिससे आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर को न्याय मिले।

कानपुर : अपहृत शेयर कारोबारी की पत्नी का शव बरामद, जिम ट्रेनर विमल गिरफ्तार

कानपुर : कोतवाली पुलिस ने 24 जून को अपहृत हुई सिविल लाइंस के शेयर कारोबारी की पत्नी का शव जिम ट्रेनर की निशानदेही पर जिलाधिकारी आवास परिसर के पास से खुदाई करके बरामद कर लिया है। यह जानकारी रविवार सुबह पुलिस उपयुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि अपहरण एवं हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपित रायपुरवा थाना क्षेत्र का रहने वाला विमल कुमार उर्फ विमल सोनी जिम ट्रेनर है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस के शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की 32 वर्षीय पत्नी एकता 24 जून को अचानक लापता हो गई। वह छह महीने से ग्रीन पार्क के जिम में व्यायाम करने जाती थी। उसके गायब होने के बाद पति ने जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से पुलिस तलाश कर रही थी लेकिन एकता का कोई सुराग नहीं मिला। इधर, फरार विमल सोनी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। काफी पूछताछ के दौरान पहले विमल पुलिस को गुमराह करता रहा। शनिवार को उसने गहन पूछताछ के दौरान स्वीकारा कि मैने एकता को मारकर गंगा में फेंक दिया था। पुलिस उसे लेकर दिनभर गंगा में तलाश करती रही लेकिन उसका पता नहीं चला।

बांद्रा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में भगदड़, 9 घायल, दो की हालत गंभीर

एजेंसी

मुंबई : बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ में 9 यात्री घायल हो गए। इन सभी को तत्काल बांद्रा भाभा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों में दो की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। रेलवे पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह बांद्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर भारी संख्या में यात्री बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस गाड़ी पकड़ने आए थे। इनमें से ज्यादातर यात्री दीपावली और छठ पर्व के लिए अपने घरों को जाने वाले थे। अत्यधिक भीड़ के बीच यात्री जैसे-तैसे गाड़ी के डिब्बे में सवार होने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान यात्रियों में भगदड़ मच गई। भगदड़ में सुखबीर, अब्दुल रहमान, परमेश्वर गुप्ता, रवींद्र चौमा, रामसेवक प्रजापति, संजय कांगेय, दिव्यांशी यादव, मोहम्मद शेख, इंद्रजीत साहनी और नूर मोहम्मद शेख घायल हो गए। इन सभी का इलाज बांद्रा भाभा अस्पताल में हो रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

पंजाब में फायर एंड इंमरजेंसी सर्विस एक्ट लागू

चंडीगढ़ : पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल-2024 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस बिल के लागू होने से अब हर साल की बजाय तीन साल बाद फायर से जुड़ी एनओसी लेनी होगी। साथ ही बिल में फायर से जुड़ी गतिविधियों का निरीक्षण करने और खराब प्रदर्शन पर सजा देने के लिए नियामक ढांचा भी बनाया जाएगा। इसके अलावा लड़कियों की भर्ती से जुड़े नियम भी बदलेंगे। इससे पहले पंजाब अपार्टमेंट एंड प्रॉपर्टी रेगुलेशन बिल को मंजूरी दी गई थी। राज्य में अग्निशमन विभाग को अब सभी इमारतों पर अग्नि कर लगाने का अधिकार होगा। अग्निशमन प्रशासन अग्नि कर पर उपकर भी लगा सकता है। अग्निशमन विभाग जनता को आग की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित अग्रिम सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र कर सकता है। बिल फायर अधिकारियों के लिए व्यवस्थित निरीक्षण करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करता है। फायर अधिकारी आसानी से निरीक्षण करने के योग्य होंगे और किसी इमारत में संभावित आग के खतरों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए निर्देश जारी कर सकेंगे। बिल फायर फाइटरों को आग बुझाने के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने की अनुमति देता है।

एसी ब्लास्ट में भाजपा नेता के भाई सहित एक महिला की मौत

रायपुर : राजधानी के देवेंद्र नगर क्षेत्र में शनिवार रात एक बिल्डिंग में एसी फटने के बाद आग लगने से कारोबारी और भाजपा नेता के भाई सहित दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान महिला मशरत खान (26 वर्ष) और आरिफ मंजूर खान (48 वर्ष) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंचे फायरकर्मियों ने अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। आरिफ मंजूर खान भाजपा नेता के भाई बताए जा रहे हैं। मशरत खान उनकी सहकर्मी बताई गई है। हादसे में जान गवाने वाले आरिफ मंजूर खान इवेंट ऑर्गेनाइजर थे। आरिफ के बड़े भाई मखमूर खान छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हैं। सीएसपी सिविल लाइन अजय कुमार ने बताया कि, दफ्तर सेकेंड फ्लोर पर है। इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद तत्काल पुलिस कर्मियों, एक दमकल गाड़ी और एक एम्बुलेंस को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा है। मृतकों की पहचान आरिफ मंजूर खान और मशरत खान के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि दो अन्य को घायल अवस्था में बचाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़ : पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पदार्फाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है। बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गई थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी। नशे की यह खेप जलमार्ग के जरिए पंजाब तक पहुंचायी गयी है। इस खेप के साथ टायरों की बड़ी रबर ट्यूब भी बरामद की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि जलमार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है।

ऊपरी असम में उल्फा-स्वा के खिलाफ जोरदार अभियान

गुवाहाटी : बीते कुछ दिनों से राज्य में बढ़ रही उल्फा-स्वा की गतिविधियों के मद्देनजर सुरक्षा बल उल्फा-स्वा के खिलाफ राज्यभर में जोरदार अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों में सुरक्षाबलों को काफी सफलता मिल रही है। खासकर इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उल्फा-स्वा द्वारा राज्य में 25 स्थानों पर बम लगाए जाने की घटना के बाद सुरक्षा बलों ने उल्फा-स्वा के खिलाफ कमर कस लिया है। इसी कड़ी में बीते कुछ समय के दौरान बड़ी संख्या में उल्फा-स्वा से जुड़े लोग पकड़े गए हैं। इसी क्रम में खुफिया और असम पुलिस के नेतृत्व में एक समन्वित खुफिया-आधारित अभियान में ऊपरी असम में उल्फा-स्वा के कई ओजीडब्ल्यू (ओवरग्राउंड वर्कर) और लिंकमैन पकड़े गए हैं। यह अभियान उल्फा-स्वा नेतृत्व से जुड़े व्यक्तियों, विशेष रूप से एसएस ब्रिगेडियर अरुणोदय दाहोतिया और एसएस ब्रिगेडियर गणेश लाहोन, जो विद्रोही समूह के कमांड स्ट्रक्चर में प्रमुख व्यक्ति हैं, के बारे में महत्वपूर्ण इनपुट पर आधारित था।

खुफिया इनपुट

सूचना से संकेत मिलता है कि उल्फा-स्वा से जुड़े ओजीडब्ल्यू और लिंकमैन व्हाट्सएप के माध्यम से वरिष्ठ उल्फा-स्वा कमांडरों, एसएस ब्रिगेडियर अरुणोदय दहोतिया और एसएस ब्रिगेडियर गणेश लाहोन के साथ सक्रिय संचार में थे। इस खुफिया जानकारी को पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वोत्तर क्षेत्र) के साथ साझा किया गया, जिससे तेजी से लामबंदी हुई। सैन्य खुफिया जानकारी के आधार पर कई ऑपरेशन किए गए। 25 अक्टूबर को एमआई, 23 असम राइफल्स मुख्यालय 73 माउंटेन ब्रिगेड और असम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई चराइदेव जिले के नामतोला के सामान्य क्षेत्र में शुरू की गई। इसके परिणामस्वरूप उल्फा-स्वा कमांडर एसएस ब्रिगेडियर गणेश लाहोन से जुड़े एक प्रमुख लिंकमैन प्रेम नेवार को पकड़ा गया। इसके अलावा 25 अक्टूबर को, एमआई और असम पुलिस की एक संयुक्त टीम ने डिब्रूगढ़ जिले के चबुआ के सामान्य क्षेत्र में छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप उज्जल गोहाईं उर्फ सुकरात और शशांक राजखोवा को पकड़ा गया। दोनों की पहचान उल्फा-स्वा ओजीडब्ल्यू के रूप में की गई। संयुक्त अभियान अभी भी जारी है, क्योंकि सुरक्षा बलों का लक्ष्य क्षेत्र में उल्फा-स्वा से जुड़े शेष नेटवर्क को खत्म करना है। उल्लेखनीय है कि ऊपरी असम में उल्फा-स्वा की गतिविधियों के कारण चार जिलों में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफ्सपा) कानून की मियाद को पिछले दिनों अगले छह माह के लिए बढ़ा दिया गया था। बीते कुछ महीनों में उल्फा-स्वा से जुड़े कई लोगों को पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त को राज्य में 25 स्थानों पर बम लगाए जाने संबंधी मामले की जांच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) कर रही है।

बसंत सोरेन ने हिमंता बिश्वा सरमा पर कसा तंज लुईस मरांडी ने बीजेपी पर लगाये गंभीर आरोप

मेट्रो रेज

दुमका: झामुमो से जामा प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी के हथियापाथर स्थित आवास पर दुमका विधायक बसंत सोरेन ने डॉ लुईस समर्थकों के संग बैठक की। बाद में मीडिया से बातचीत में बसंत सोरेन ने भाजपा नेता और असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर तंज कसते हुए कहा कि डुप्लीकेट नाम लेकर घूम रहे एक मुख्यमंत्री को तो मैं कहूंगा कि वे यहीं के वाशिंदा हो जायें, क्योंकि उन्हें उनके प्रदेश के लोग भूल गये हैं। अभी तो चुनाव है। चुनाव के बाद उनका यहां का वोटर आइडी बना दिया जाये, यह मेरा आग्रह है। वहीं पूर्व बीजेपी नेता लुईस मरांडी ने भी आपबीती बताई और बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में काम का महत्व नहीं है।

लुईस मरांडी भारी मतों से होगें विजयी : बसंत सोरेन ने डॉ लुईस के झामुमो में आने से मिलने वाले लाभ तथा दुमका-जामा विधानसभा सीट के सवाल पर कहा कि जामा झामुमो का गढ़ रहा है, जहां दीदी डॉ लुईस मरांडी भारी मतों से जीतेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता काफी उत्साह व जोश में हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो के कार्यकर्ता हर चुनौतियों को रौंदकर आगे बढ़ने और विजय पताका लहराने के लिए तैयार हैं। झामुमो के कार्यकताओं को कोई संदेश देने की आवश्यकता नहीं है।

बीजेपी ने दूध से मक्खी की तरह मुझे निकाला : डॉ लुइस झामुमो प्रत्याशी डॉ लुइस मरांडी ने कहा कि उन्हें दूध से मक्खी की तरह निकालने का काम भाजपा ने किया। लेकिन, झामुमो ने महिलाओं के प्रति स्नेह व सम्मान एक बार फिर दिखाया। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाई विधायक बसंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने हमें अपनाया। सम्मान दिया। डॉ लुइस ने कहा कि काम का महत्व भाजपा में नहीं है। महिलाओं को सम्मान देना झारखंड मुक्ति मोर्चा में दिखा। 49 लाख बहनों को सम्मान देना इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी जामा क्षेत्र में घूमती रहीं हैं। दुमका व जामा का कंधे से कंधा मिलाकर विकास करूंगी। उन्होंने कहा कि 28 अक्तूबर को नॉमिनेशन करेंगी। झामुमो की यह परंपरागत सीट रही है, जहां से खुद शिबू सोरेन ने अपना पहला चुनाव जीता था।

केएन त्रिपाटी ने किया नामांकन, उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस का बढ़ाया मनोबल

बिनय मिश्रा

कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता एवं पलामू में अपने बेहतर कार्य लोगों के साथ सहभागिता के कारण अपनी जबर्दस्त पहचान रखने वाले लोकप्रिय केएन। त्रिपाठी ने आज कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। उनके साथ उमड़ी भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि उनके द्वारा यह निरंतर लोगों के साथ जनसंपर्क और सहभागिता के साथ-साथ पार्टी के संगठन और जनाधार बढ़ाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में निरंतर उत्साह का संचार करना केएन। त्रिपाठी की विशेषता में शामिल है। कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले श्री त्रिपाठी पलामु से चुनाव जीतने के साथ-साथ ग्रामीण विकास मंत्री भी रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में जमकर विकास कार्य भी हुए और श्री त्रिपाठी निरंतर जनसमस्याओं के लिए हमेशा सतत प्रयत्नशील भी रहें। उसी का यह परिणाम है कि श्री त्रिपाठी की लोकप्रियता हमेशा बनी रही। बुजुर्गों एवं महिलाओं का आशीर्वाद युवाओं का साथ इनके जनाधार को निरंतर बढ़ाने का कार्य किया है। पलामु के लोग कहते हैं कि केएन। त्रिपाठी हमेशा लोगों के साथ थे, हैं और रहेंगे क्योंकि उनकी जनसहभागिता हमेशा लोगों के साथ रही है और इसी का यह परिणाम है कि वे जनप्रिय राजनीतिक के रूप में पहचाने जाते हैं। ऐसे व्यक्ति निश्चित तौर पर जनअपेक्षा पर खरे उतरने के साथ-साथ अपनी सहभागिता भी निभाते हैं।

प्रसिद्ध मधुमेह व थायराइड विशेषज्ञ डॉ सौम्य सेन गुप्ता ने पत्रकार बिनय मिश्र को किया सम्मानित

ज्योति पाठक

चिकित्सक शब्द डा सौम्य सेन गुप्ता की सशक्त पहचान है। मधुमेह के रिसर्च और उपचार तथा इसपर आयोजित सेमिनार में अपनी जानकारी और अनुभव को साझा कर देश के विभिन्न राज्यों में अपनी जानकारी से लोगों को काफी कुछ उपलब्ध भी कराया है। देश के विभिन्न राज्यों में इनकी गहन अध्ययन जानकारी और उपचार के संदर्भ में बताये गये सभी बातें काफी कारगर सिद्ध भी हुयी है। उनके द्वारा झारखण्ड के वरीय पत्रकार एवं लोकप्रिय पत्रिका करंट खबर के संपादक तथा वीएम न्यूज के भी मार्गदर्शक और सम्पादक बिनय मिश्र को उन्होंने आज हिमाचल प्रदेश के परिधान से उन्हें सम्मानित किया और बेहतर तथा उत्कृष्ट पत्रकारिता के क्षेत्र में सरल भाषा से लोगों तक जानकारी पहुंचाने के कार्य को काफी बेहतर बताया। इस सम्मान समारोह में सम्पादक बिनय मिश्रा ने कहा कि हमसभी पुरे झारखण्डवासी के लिए यह गौरव की बात है कि मधुमेह और थायराईड पर इनका शोध और गहन उपचार काफी कारगर रहा है। ऐसे चिकित्सक से चिकित्सा जगत भी गौरवान्वित है और झारखण्ड का नाम भी रौशन हुआ है क्योंकि देश के विभिन्न राज्यों में इनके कार्यक्रम को चिकित्सकों ने काफी सराहा और उपलब्धि भरा भी बताया।

जनता के बीच हमेशा सुलभ रहने वाले राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते हैं शशिभूषण सामड

चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र 56 से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शशिभूषण सामड चुनावी मैदान में हैं । श्री सामड अपने बेहतर कार्य और जनता के बीच हमेशा सुलभ रहने वाले राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनायी है। श्री सामड की यह विशेषता है कि आम जनों से सीधा संवाद करना और उन्हें अभिवादन के रूप जोहार गो से भी वे काफी प्रसिद्ध हैं। सुदूर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के पास पहुंचकर उनकी बातों को सुनना, जानना उनकी विशेषता मानी जाती है और कहा जाता है कि उन्होंने हमेशा जनसरोकर कार्यों से जुड़कर लोगों की सुख-दुख की सूधि ली और अपनी सहभागिता भी निभाई जिसके कारण ये हमेशा जनता के बीच उपलब्ध और उपस्थित रहें। श्री सामड फौज में भी रह चुके हैं जिसके कारण इनकी सोंच भी हमेशा सकारात्मक और बेहतर रही। सेवानिवृति के बादजनसेवा की ओर रूख किया। आमलोगों के बीच अपनी सहभागिता निभाई। इसी के फलस्वरूप इन्हें लोकप्रिय की भी उपाधि मिली। जहां इनकी जरूरत महसूस की गयी सदैव ये दिखायी पड़े। भाजपा प्रत्याशी के रूप में इन्हें चुनावी मैदान में उतारा गया है। चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण 13 नवम्बर को चुनाव होने हैं और इसकी व्यापक तैयारी में श्री सामड जुट गये हैं।

सिर पर टांगी मार कर व्यक्ति की हत्या

चाईबासा: गुवा थाना अन्तर्गत घाटकुड़ी गांव में मुंडा बिरसा चाम्पिया के घर में घुसकर ओडेय़ा चाम्पिया की हत्या टांगी से सिर पर मार कर हत्या कर दी। घटना 26 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। हत्या का आरोप मुंडा बिरसा चाम्पिया के भतीजा श्याम चाम्पिया पर लगाया जा रहा है। वह प्रधान चाम्पिया का बेटा है। हत्या करने के बाद आरोपी घटनास्थल से भाग गया था।

अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी 30 लीटर महुआ शराब जब्त

चान्हो: अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से चान्हो पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के सोंस गांव में एक छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने राजेश महतो और दिलीप उरांव के घर से 30 लीटर महुआ शराब बरामद की। इसके साथ ही, उनके घर पर मौजूद लगभग 200 लीटर जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण पाना और गांव में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इस तरह के छापेमारी अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से खत्म किया जा सके और क्षेत्र में कानून का सख्ती से पालन हो।

बीएसएफ की 15वीं बटालियन की बी कंपनी ने किया फ्लैग मार्च

जमशेदपुर: घाटशिला से मऊभंडार चौक तक बीएसएफ की 15वीं बटालियन की बी कंपनी की एक टुकड़ी द्वारा शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व घाटशिला थाना के एसआई उमेश कुमार, एएसआई गोपाल प्रसाद एवं बीएसएफ के एसआई सुनील झझारिया ने किया।

लोग निर्भीक होकर करें मतदान : थाना प्रभारी इस संबंध में घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने बताया कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने को लेकर बीएसएफ जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला ताकि लोग निर्भीक होकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान ही कई पर्व त्योहार भी है। लोग शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व त्योहार के साथ साथ मतदान करें।

मतदाता जागरूकता पर बनी मॉडल रंगोली , एसडीओ ने किया उद्घाटन, कहा-

आपका हर एक वोट लोकतंत्र को करेगा मजबूत

मेट्रो रेज

जमशेदपुर: घाटशिला कालेज में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में शनिवार को मॉडल रंगोली बनाया गया। इसके माध्यम से मतदान के महत्व और लोकतंत्र की मजबूती को दशार्या गया।

मॉडल रंगोली में झारखंड का मानचित्र बनाया गया: मॉडल रंगोली में झारखंड का मानचित्र बनाया गया। उस मानचित्र को दो भागों में रंगोली के माध्यम से दशार्या गया। इसमें चुनाव के फेज वन और फेज टू क्षेत्र को दिखाया गया। फेज वन में घाटशिला विधानसभा जिस स्थान पर दशार्या गया वहां एक बड़ा दीप जलाया गया। उस दीप को अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने जलाकर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को वोट करने हेतु लोगों को जागरूक किया।

निस्वार्थ और निष्पक्ष भाव से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई: अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी युवा वोटर को अपने वोट के महत्व को समझना होगा और सबको स्मार्ट वोटर बना होगा। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूत करेगा। अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को निस्वार्थ और निष्पक्ष भाव से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसके साथ डॉ एसपी सिंह, डॉ कन्हाई बारिक, डॉ दिलचंद राम अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

यह थे उपस्थित: कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र उपस्थित थे। साथ में डीसीएलआर नील निखिन सुरीन, बीडियो यूनिका शर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी अमन कुमार सहित कालेज के शिक्षक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता के तहत यह कार्यक्रम महाविद्यालय के एनसीसी और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन प्रो इंदल पासवान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस के सिंह ने किया। इस मौके पर डा संदीप चंद्र, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, प्रो अर्चना सुरीन, डा कुमार विशाल, प्रो विकास मुंडा, प्रो मोहम्मद सज्जाद, प्रो सोमा सिंह, प्रो राम विनय श्याम, डा सिंगों सोरेन, डा रुचि स्मिता, डा चिरंतन महतो, मानिक मार्डी, बसंती मार्डी, शंकर महाली के अलावे शिक्षक, कर्मचारी एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

न्यूज ब्रीफ

पत्नी ने शराब पीने से रोका तो लगायी फांसी

दुमका नगर: मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के डहरलंगी गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर शनिवार की शाम को पुलिस ने मृतक के घर से शव बरामद किया। मृतक रूबीलाल हांसदा(35) डहरलंगी गांव का रहनेवाला था। मृतक तीन बच्चों का पिता था। जानकारी के मुताबिक वह 15 दिन पहले असम से मजदूरी करके घर लौटा था। मृतक का बेटा राहुल हांसदा ने बताया पिता शराब पीने के आदी थे। इस बात को अकसर माता-पिता के बीच विवाद हुआ करता था। शुक्रवार की रात को भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। उसके बाद रात में सभी सो गये। देर रात उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मां की नजर पड़ी तो घटना की जानकारी परिजनों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मुफस्सिल थाना के एएसआइ मुस्ताक आलम जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। शाम को पुलिस के साथ परिजन युवक को लेकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

शिकारीपाड़ा के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव को लेकर एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

दुमका: विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए दुमका जिला का पुलिस-प्रशासन बेहद चौकसी बरत रहा है और नक्सल प्रभावित सहित अन्य सभी बूथों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए हर पहलुओं पर ध्यान दे रहा है। शनिवार को जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार एवं एसडीपीओ मुख्यालय विजय कुमार महतो तथा बीएसएफ के जवानों के साथ शिकारीपाड़ा के उग्रवाद प्रभावित व पहाड़ी क्षेत्र धर्मपुर, बांसकेंद्री,सरसाजोल, पहाड़पुर सहित दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया और इलाके में बनाये जाने वाले कलस्टर, वहां से बूथों की दूरी, आवागमन के साधन रूट लाइनिंग आदि को लेकर भौतिक सत्यापन किया। इसके अलावा एरिया डोमिनेशन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। बतादें कि दुमका जिले में उग्रवाद प्रभावित सहित तमाम संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय पुलिस बलों सहित पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जानी है, ताकि किसी तरह की कोई चूक न हो।

रामगढ़ ने इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में पलामू को 8-0 से हराया

रामगढ़ : धनबाद सिजुआ स्टेडियम में आयोजित झारखंड इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूनामेंट 2024-25 में रामगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपने पहले मैच में रामगढ़ जिला टीम ने पलामू जिला की टीम को निर्धारित समय के खेल में एकतरफा मुकाबले में 8-0 गोल से रौंद डाला। मैच में गोविंद हांसदा 2, सुनील गंझू 2, नरेंद्र करमाली, सूरज टुडू, फूलचंद सोरेन, कमलेश बेदिया ने 1-1 गोल किए। टीम मैनेजर जतरू बेसरा, कोच अजय डिसिल्वा ने बताया कि रामगढ़ जिला का अगला मैच 28 को गढ़वा और धनबाद के बीच खेले गए विजेता के साथ होगा। इस शानदार जीत पर रामगढ़ जिला फुटबॉल एसोसिएशन महासचिव मो मुस्तफा आजाद, अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, सह सचिव मो आजाद अंसारी, मोतीलाल सिंह, सुनील मुंडा, चंद्रिका चौधरी, बालकिशुन महतो आदि ने बधाई देते हुए आगे के जीत के लिए शुभकामनाएं दी।

बाबाकुटी के महंत जयप्रकाश नारायण तिवारी का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन

आदित्यपुर : आदित्यपुर में बाबाकुटी कॉलोनी को स्थापित करने वाले महंत जय प्रकाश नारायण तिवारी का 26 अक्टूबर की रात लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वे गुर्दा रोग से ग्रसित थे। पिछले करीब एक साल से दिल्ली में ही रहकर अपना इलाज करा रहे थे। उनकी दोनों किडनियां फेल हो गई थीं। परिजन उनके शव को पैतृक गांव बिहार के सिवान के लिए रवाना हो गए हैं। 28 अक्टूबर को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर बाबाकुटी आश्रम कॉलोनी में शोक की लहर है। उनकी तीन बेटियां और दामाद सड़क मार्ग से अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गये हैं। इलाजरत महंत के साथ उनकी पत्नी रामवती देवी, बड़ा पुत्र देवानन्द, छोटा पुत्र मारुति नंदन, व छोटी पुत्री सरस्वती दिल्ली में ही मौजूद थे।

नहीं रहे प्रख्यात कवि उमर चन्द जायसवाल

चक्रधरपुर : लोकप्रिय कवि और कविता से हमेशा जुड़े रहने वाले प्रख्यात कवि एवं चक्रधरपुर में पहले लॉज कंचन लॉज के संचालक उमर चन्द जायसवाल का निधन कल हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार स्थानीय शमशान घाट में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए, गौर तलब हो कि उमर चन्द जायसवाल काफी साहित्यिक व्यक्ति थे। उनकी कविता और काव्य पाठ काफी सराही जाती थी, आचार्य शशिकर, रामावतार बिन्द राजका के अलावा अन्य कवियों के साथ साहित्यिक लगाव काफी पुराना रहा है, उनके निधन पर कवि जगत में एक रिक्तिका आ गयी है जिसकी भरपाई संभव नहीं है, वहीं उनके मित्रगण, शुभचिन्तक ने इस दुख की बेला में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपना संवेदना भी व्यक्त किया है,वह अपने पीछे पत्नी दो पुत्री, पोता -पोती सहित भरा पूरा परिवार परिवार छोड़ गए।

युवा वाहिनी के पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बने गौतम सिंह राजपूत

निधि पाठक

प्रदेश में अपने बेहतर कार्यों से लोकप्रिय एवं ख्याति अर्जित करने वाला युवा वाहिनी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता आयुष मिश्र ने पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष के रूप में गौतम सिंह राजपूत को मनोनीत किया है। गौरतलब हो कि पलामू प्रमंडल में तीन जिला समाहित हैं लातेहार, गढ़वा पलामू। श्री मिश्र ने कहा कि गौतम सिंह राजपूत के लगन और बेहतर कार्य को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है और आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह अपना कार्य बेहतर ढंग से करेंगे। वहीं मनोनीत अध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत ने कहा कि उन्हें जो जवाबदेही दी गई है उसे वो बेहतर ढंग से संपादित करेंगे।